

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोक भवन सभागार, लखनऊ में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा चयनित 930 कंप्यूटर ऑपरेटर (ग्रेड-ए) को नियुक्ति पत्र वितरण करते तथा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 15 अंकः 169 पृष्ठः 08
RNI : HPHIN/2012/48072
actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




'मोदी के पीएम रहते भारत पर हमला हुआ तो अमेरिका साथ खड़ा रहेगा', ट्रंप ने किया वादा!

# मोदी ने ट्रम्प से कहा- भारतीय नाविकों की सुरक्षा महत्वपूर्ण

**द्विपक्षीय बैठक**

**जब तक मोदी लीडर हैं, इंडिया हर फील्ड में बड़ा रोल निभाएगा। मोदी शांत और जबरदस्त नेता हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**
**एवियनः फ्रांस** में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के बीच अहम द्विपक्षीय बैठक हुई। इस मुलाकात में दोनों नेताओं ने कई वैश्विक और द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की। बैठक के दौरान ट्रंप ने भारत के समर्थन में बड़ा बयान देते हुए कहा कि यदि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री रहते भारत पर कोई हमला होता है तो अमेरिका मदद के लिए खड़ा रहेगा। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया है जब दुनिया के कई हिस्सों में भू-राजनीतिक तनाव बना हुआ है।

**भारत को लेकर ट्रंप ने क्या बड़ा संदेश दिया?**
बैठक के दौरान ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि मोदी एक बेहद मजबूत नेता हैं और बातचीत के दौरान बहुत सख्त रुख अपनाते हैं। ट्रंप ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी शांत दिखाई देते हैं, लेकिन बातचीत और समझौते के मामले में बेहद सख्त हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अगर भारत को किसी तरह का सुरक्षा संकट झेलना पड़ता है तो अमेरिका उसके साथ खड़ा रहेगा। ट्रंप के इस बयान को भारत-अमेरिका रणनीतिक संबंधों के संदर्भ में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

**प्रधानमंत्री मोदी की नेतृत्व क्षमता पर क्या बोले ट्रंप?**
अमेरिकी राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी की कार्यशैली और व्यक्तित्व की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि मैं प्रधानमंत्री मोदी जितना शांत, संयमित और प्रभावशाली नहीं हूं। आप उन्हें देखिए। ट्रंप ने मोदी को ऐसा नेता बताया जो बाहर से शांत नजर आते हैं, लेकिन निर्णय लेने और बातचीत के समय बेहद दृढ़ रहते हैं। उन्होंने कहा कि मोदी की नेतृत्व क्षमता की वजह से भारत लगातार आगे बढ़ रहा है और भविष्य में भी प्रगति करता रहेगा।

**भारतीय नाविकों की मौत पर क्या कहा गया?**
बैठक के दौरान हाल ही में होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के दौरान मारे गए तीन भारतीय नाविकों का मुद्दा भी उठा। इस पर ट्रंप ने दुख जताते हुए कहा कि उन्हें इस घटना की जानकारी है। उन्होंने कहा कि मैंने इसके बारे में सुना है। यह बहुत कठिन पेशा है। हम इस पर काम कर रहे हैं। ट्रंप की यह टिप्पणी उन परिवारों के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है जो इस घटना से प्रभावित हुए हैं। पीएम मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से कहा, 'हमने हमेशा कहा है कि समुद्र में आवाजाही की आजादी पक्की होनी चाहिए और हमें इस बात पर जोर भी देना चाहिए। समुद्री




**पीएम मोदी ने भारतीय नाविकों की सुरक्षा का मुद्दा उठाया, ट्रंप बोले- मोदी अपनी शर्तें मनवाने में सख्त**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर पीएम मोदी को अपनी शर्तें मनवाने में सख्त बताया है। ट्रंप ने कहा- वे भारत के लोगों से प्यार करते हैं और अमेरिका के लोगों से भी। उन्होंने अमेरिका में हाउडी मोदी भी किया है। भारत की हर तरफ बड़ी भूमिका है। जब तक मोदी पीएम रहेंगे तब तक भारत की बड़ी भूमिका रहना तय है। प्रधानमंत्री मोदी के साथ हमारी बहुत अच्छी बातचीत हुई- ट्रंप

इस अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, 'फ्रांस में हमारी कुछ बहुत अच्छी बैठकें हुईं... यह जी7 है। इसके बाद जी2 और फिर जी20 होने वाली है... खास तौर पर, भारत के प्रधानमंत्री मोदी के साथ हमारी बहुत अच्छी बातचीत हुई। हम ट्रेड डील कर रहे हैं... अमेरिका और भारत के बीच बहुत कुछ हो रहा है। अमेरिका अब तक के सबसे अच्छे दौर से गुजर रहा है। हमारे पास 19.2 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा आ रहे हैं, और हम फैक्टरियां बना रहे हैं, हम सब कुछ बना रहे हैं। प्रधानमंत्री अमेरिका में बहुत कुछ बना रहे हैं। वह अमेरिका में काफी पैसा खर्च कर रहे हैं, इसलिए हम उनके इस काम की तारीफ करते हैं। लेकिन मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि वह लंबे समय से मेरे दोस्त रहे हैं, और हमारे रिश्ते हमेशा बहुत अच्छे रहे हैं।

## हरियाणा सरकार ने खोला श्रमिक पोर्टल


**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने पिछले करीब एक साल से बंद पड़े श्रमिक पोर्टल को बीती रात खोल दिया है। मुख्यमंत्री नायब सैनी तथा मजदूर संगठनों के बीच हाल ही में हुई बैठक के बाद यह फैसला लिया गया है।श्रम विभाग में सामने आए करीब 1,500 करोड़ रुपए के कथित स्लिप घोटाले के बाद की गई है। आरोप था कि फर्जी लाभार्थियों के नाम पर बड़ी राशि निकाली गई थी। इसी के बाद विभाग ने व्यापक जांच शुरू की और पोर्टल को बंद कर दिया गया था। जांच लंबी चलने के कारण वास्तविक श्रमिकों को भी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाया था। श्रमिक संगठनों ने कई बार सरकार और श्रम मंत्री के समक्ष यह मुद्दा उठाया था। हरियाणा सरकार द्वारा श्रमिकों के लिए कुल 33 योजनाएं चलाई गई हैं। पोर्टल बंद होने के कारण इन योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था। पोर्टल बंद रहने का सबसे अधिक असर श्रमिक परिवारों के बच्चों पर पड़ा। उन्हें छात्रवृत्ति और अन्य शैक्षणिक योजनाओं का लाभ नहीं मिल सका।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में बुधवार को दिल्ली सचिवालय में एपेक्स कमेटी की उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी मॉनसून और संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा की गई तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।

## ट्रंप ने दी ईरान को चालाकी करने पर फिर बम बरसाने की धमकी

**टीम एक्शन इंडिया**
**एवियन (फ्रांस)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को जी-7 समिट के दौरान कतर के अपने समकक्ष अब्देल फतह अल-सीसी से मुलाकात कर द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की। इस दौरान सीसी ने ट्रंप को ईरान से शांति समझौता करने के लिए बधाई दी। ट्रंप ने कहा कि अभी कुछ भी पक्का नहीं है। अगर ईरान ने इस दौरान कोई चालाकी या हरकत की तो अमेरिका ईरानियों के सिरों पर बम फोड़ेगा। अल जजीरा चैनल की रिपोर्ट में ट्रंप और अल-सीसी से मुलाकात के दौरान हुई बातचीत का ब्यौरा जारी किया गया है। यह बैठक ईरान के साथ एक अंतिम समझौता करने की तेज होती कूटनीतिक कोशिशों के बीच हुई है। इस समझौते का मकसद मध्य पूर्व में संघर्ष को खत्म करना और युद्ध के कारण बाधित हुए वैश्विक शिपिंग प्रवाह को बहाल करना है। ट्रंप ने कहा कि अगर ईरान ने 'गलत हरकत' की तो 'फिर से बम गिराए जाएंगे। ईरान के साथ हुआ एमओयू कोई पक्का समझौता नहीं है और अगर उन्हें इसके बिन्दु पसंद नहीं आए, तो अमेरिका फिर से ईरान पर गोलीबारी करेगा और बम गिराएगा।




## हरियाणा सरकार ने न्यू पेंशन स्कीम में कर्मचारियों को दिए विकल्प

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने कर्मचारियों को नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) और यूपीएस के बीच एकऔर बदलाव किया है। सरकार ने एनपीएस के टियर-1 यानी मुख्य पेंशन खाते में दो नए निवेश विकल्प जोड़ दिए हैं। इससे कर्मचारी अपनी उम्र और जोखिम लेने की क्षमता के हिसाब से तय कर सकेंगे कि उनकी पेंशन के लिए जमा हो रही राशि का कितना हिस्सा बाजार आधारित निवेश में लगाया जाए। हरियाणा के कर्मचारी संगठनों की लंबे समय से मांग रही है कि उन्हें ओपीएस के दायरे में वापस लाया जाए, जिसमें रिटायरमेंट के बाद तय पेंशन की व्यवस्था रहती है। दूसरी तरफ एनपीएस निवेश आधारित व्यवस्था है।

# शिवसेना यूबीटी के छह बागी सांसदों ने पार्टी छोड़ी, शिंदे समूह में शामिल होंगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुंबई।** शिवसेना यूबीटी के छह बागी सांसदों ने बुधवार को पार्टी छोड़कर अलग गुट बना लिया है। यह सभी बागी सांसद १९ जून को शिवसेना के शिंदे समूह में शामिल होने वाले हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के कार्यालय ने इन सभी छह बागी सांसदों को अलग गुट की मान्यता दे दी है। शिंदे समूह की राष्ट्रीय प्रवक्ता साईना एनसी ने बुधवार को बताया कि उनकी पार्टी का ऑपरेशन 'प्रगति' सफल हो गया है। बहुत जल्द यह सभी छह सांसद उनकी पार्टी में शामिल होंगे।

शिवसेना यूबीटी के नौ सांसद वर्ष २०२४ में हुए लोकसभा चुनाव में जीते थे। इनमें से धाराशिव से ओमराजे निंबालकर, परभणी से संजय जाधव, मुंबई उत्तर-पूर्व से संजय दीना पाटिल, हिंगोली से नागेश पाटिल अष्टिकर, शिरडी से भाऊसाहेब वाकचौरे और यवतमाल-वाशिम से संजय देशमुख ने आज पार्टी से बगावत कर अलग गुट बनाया है। हालांकि, शिवसेना यूबीटी के अनिल देसाई, अरविंद सावंत और राजाभाऊ वाजे अब भी शिवसेना यूबीटी के साथ हैं। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की कानूनी टीम दिल्ली पहुंच गई है और इन सभी सांसदों के शिंदे गुट में शामिल होने से जुड़ी संवैधानिक औपचारिकताओं को पूरा करने का प्रयास कर रही है।



# हरियाणा में क्षेत्रीय हवाई संपर्क को मिलेगी नई उड़ानः नायब सैनी

**उड़ान योजना**

**भिवानी में चौ. बंसी लाल सिविल एरोड्रम पर 31 करोड़ से बनी विमानन सुविधाओं का किया उद्घाटन**

**टीम एक्शन इंडिया**
**भिवानीः** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को भिवानी स्थित चौ. बंसी लाल सिविल एरोड्रम पर लगभग 31 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित अत्याधुनिक हैंगर, एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) भवन, सुरक्षा चौकी तथा कैंटीन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सांसद धर्मबीर सिंह, भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ, बवानीखेड़ा के विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वीरों, खिलाडियों और संतों की धरती और 'छोटी काशी' के नाम से प्रसिद्ध भिवानी आज विकास के एक नए अध्याय की साक्षी बनी है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना केवल भवनों का उद्घाटन नहीं, बल्कि हरियाणा में आधुनिक विमानन अवसंरचना के विस्तार और क्षेत्रीय हवाई संपर्क को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में नागरिक उड्डयन क्षेत्र ने अभूतपूर्व प्रगति की है। उड़ान योजना ने छोटे शहरों को हवाई सेवाओं से जोडकर आम नागरिक के लिए हवाई यात्रा को सुलभ बनाया है।



# बालिका शिक्षा को नई उड़ान दे रही योगी सरकार, 18 सूत्रीय एक्शन प्लान तैयार

## शत-प्रतिशत उपस्थिति और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण वातावरण बनाने के निर्देश, छात्राओं की सुरक्षा, शिक्षा, पोषण और सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने पर विशेष जोर, सुरक्षा, सुविधा और पोषण पर विशेष फोकस

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार बालिका शिक्षा को सशक्त बनाने और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने की दिशा में लगातार ठोस कदम उठा रही है। इसी क्रम में विगत दिनों आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में छात्राओं की सुरक्षा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, डिजिटल अधिगम, छात्रावास संचालन, खेल गतिविधियों, छात्रवृत्ति भुगतान तथा आधारभूत सुविधाओं से जुड़े 18 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। योगी सरकार का लक्ष्य प्रत्येक बालिका को सुरक्षित, सुविधायुक्त और गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है। योगी सरकार बालिका शिक्षा को केवल विद्यालयी पढ़ाई तक सीमित नहीं रख रही। उसे सुरक्षा, स्वास्थ्य, डिजिटल साक्षरता, खेल, छात्रावास सुविधाओं और जीवन कौशल से जोड़ते हुए समग्र विकास का माध्यम बना रही है। सुरक्षा से शिक्षा, छात्रवृत्ति से स्मार्ट लर्निंग और छात्रावास से खेल सुविधाओं तक दिए गए निर्देश स्पष्ट करते हैं कि योगी सरकार कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को बालिका सशक्तीकरण के



सशक्त केंद्रों के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह पहल प्रदेश की हजारों बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुरक्षित वातावरण और आत्मनिर्भर भविष्य की नई संभावनाओं से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

**सुरक्षा, सुविधा और पोषण पर विशेष फोकस**

भीषण गर्मी को देखते हुए सभी विद्यालयों में कूलर, पंखे, एग्जॉस्ट फैन और जनरेटर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही एक सप्ताह के भीतर खाद्यान्न आपूर्ति से संबंधित प्रक्रियाएं पूरी कर विद्यालयों में आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने को कहा गया है। बालिकाओं एवं स्टाफ की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा छात्राओं को ग्रीष्मकालीन गृहकार्य उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया है।

**संसाधनों और आधारभूत सुविधाओं को मिलेगा बल**

योगी सरकार ने जून माह की प्रगति रिपोर्ट, फर्नीचर खरीद, रोटी मेकिंग मशीन, वॉशिंग मशीन, सोलर गीजर, फोक म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट और ओपन जिम जैसी स्वीकृत गतिविधियों को समयबद्ध रूप से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जिन जनपदों में कर्मियों का नवीनीकरण लंबित है, उन्हें एक सप्ताह के भीतर पूरा करने को कहा गया है। विद्यालयों में डिजिटल प्लेटफॉर्म आधारित शिक्षण को बढ़ावा देने के लिए कंप्यूटर, ब्रॉडबैंड और अनलिमिटेड डेटा की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत पिछले और वर्तमान बैच की छात्राओं का विवरण, भुगतान की स्थिति तथा बैंक खातों की सीडिंग की समीक्षा कर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## मेरठ में 800 करोड़ से बनेगा ज्वैलरी पार्क

**मेरठ। योगी** सरकार ने यहां के सर्राफा कारोबार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए ज्वेलरी पार्क बनाने का निर्णय लिया है। 800 करोड़ रुपये से यह पार्क बनाया जाएगा। इसके निर्माण का दायित्व मेरठ विकास प्राधिकरण (एमडीए) को सौंपा गया है। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बुधवार को पीएल शर्मा मैदान के निकट स्थित एक सभागार में इसका माडल कारोबारियों के समक्ष पेश किया। वेदव्यासपुरी में बनने वाले इस पार्क की विशेषता इसका वास्तुशिल्प होगी। पार्क मुकुट की आकृति का होगा जिसका प्रवेश द्वार झुमके की तरह रखा गया है। इस ज्वेलरी पार्क में आभूषण कारोबार से जुड़ी सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। प्राधिकरण की ओर से वेदव्यास पुरी में लगभग 36 हजार वर्गमीटर जमीन पर ज्वलैरी पार्क का निर्माण होगा। पार्क में शोरूम, थोक व्यापार केंद्र, कारीगर कार्यशालाएं, उत्पादन इकाइयां, प्रदर्शनी स्थल, बैंकिंग सुविधाएं और साझा सेवा केंद्र विकसित किए जाएंगे।

## गो संरक्षण विशेषः मेगा कैंपेन चलाकर घर-घर पहुंचाया जाएगा 'जहर मुक्त भोजन'



**लखनऊः** प्रदेश में जहर मुक्त भोजन का मेगा कैंपेन शुरू किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग ने इसकी विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है, जिसके तहत अब लोगों की थाली तक सीधे खेतों से निकला शुद्ध और जहरमुक्त भोजन पहुंचाया जाएगा।

इस पूरे महाभियान का केंद्रबिंदु उत्तर प्रदेश की गोशालाएं होंगी, जिन्हें अब सिर्फ गोसंरक्षण ही नहीं, बल्कि शुद्ध खाद्य पदार्थों के बड़े सप्लाई सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा। पहले चरण में चयनित गोशालाओं के 5 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले परिवारों को इस महा अभियान से जोड़ा जाएगा। इन परिवारों तक प्राकृतिक खेती से उपजे खाद्यान्न, ताजी सब्जियां, फल और पंचगव्य आधारित उत्पाद सीधे पहुंचाए जाएंगे। गो सेवा आयोग ने इसके लिए फार्म टू कंज्यूमर (खेत से सीधे उपभोक्ता तक) मॉडल तैयार किया है। इससे उपभोक्ताओं को सही कीमत पर और किसानों को उनकी उपज का और बेहतर मूल्य मिल सकेगा।

उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का लक्ष्य हर नागरिक को बीमारियों से बचाना और उन्हें जहर मुक्त भोजन उपलब्ध कराना है।

# राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छता व हरियाली में यूपी के परिषदीय विद्यालयों का परचम

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः** प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों ने स्वच्छता, हरित परिसर और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उत्कृष्ट पहचान स्थापित की है। भारत सरकार के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा संचालित "स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग (एसएचवीआर) 2025-26" में प्रदेश के 11 विद्यालयों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। इनमें 6 परिषदीय विद्यालय और 2 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय शामिल हैं। दो अन्य श्रेणी के विद्यालय और एक निजी विद्यालय हैं। यह उपलब्धि दशार्ती है कि बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालय अब केवल शैक्षणिक गतिविधियों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि स्वच्छ, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल विद्यालयी वातावरण तैयार करने में भी देशभर में मिसाल बन रहे हैं।





- राष्ट्रीय सूची में निजी विद्यालयों से आगे निकले परिषदीय विद्यालय, कई जिलों ने बढ़ाया प्रदेश का मान

**परिषदीय विद्यालयों ने राष्ट्रीय मंच पर दर्ज कराई मजबूत उपस्थिति**

राष्ट्रीय स्तर पर चयनित विद्यालयों में संभल का प्राथमिक विद्यालय इटालिया माफी (रैंक 12), पीलीभीत का प्राथमिक विद्यालय चोखापुर (रैंक 25), चित्रकूट का पीएमवी कन्या गंछापा (रैंक 27), बरेली का प्राथमिक विद्यालय सहजनी (रैंक 29), बदायूं का कंपोजिट विद्यालय आमगांव (रैंक 36) तथा सहारनपुर का उच्च प्राथमिक विद्यालय कुतुबपुर लबदौला (रैंक 55) शामिल हैं। श्रावस्ती का कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय हरिहरपुर रानी (रैंक 9) और जालौन का कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कोंच (रैंक 14) भी राष्ट्रीय सूची में स्थान बनाने में सफल रहे हैं। इसके अलावा प्रयागराज का एयरफोर्स स्कूल मनौरी (रैंक 31) और वाराणसी का जवाहर नवोदय विद्यालय, गजोखर (रैंक 46) भी शामिल हैं।

वहीं निजी विद्यालय श्रेणी में मेरठ के दयावती मोदी अकादमी-1 (रैंक 4) ने स्थान बनाया है। राज्य स्तर पर चयनित शीर्ष 20 विद्यालयों को राष्ट्रीय स्तर के मूल्यांकन के लिए भेजा गया था, जिनमें से 11 विद्यालयों ने राष्ट्रीय सूची में स्थान बनाया। देशभर से कुल 191 विद्यालयों का चयन किया गया है। बेसिक शिक्षा विभाग ने राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 20 विद्यालयों को शीघ्र सम्मानित करने का निर्णय लिया है।

## सिंगरौली के चितरंगी में डिप्टी रेंजर का वीडियो वायरल

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिंगरौली।** मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले के चितरंगी क्षेत्र में पदस्थ एक डिप्टी रेंजर का वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला चर्चा का विषय बन गया है। वीडियो में वन विभाग के अधिकारी सार्वजनिक स्थान पर हंगामा करते हुए दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अधिकारी नशे की हालत में थे और उन्होंने लोगों के साथ अभद्र व्यवहार किया। हालांकि, वीडियो की परिस्थितियों और आरोपों की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। जानकारी के अनुसार, घटना बुधवार दोपहर करीब 12 बजे चितरंगी के मुख्य चौराहे की बताई जा रही है। वायरल वीडियो में डिप्टी रेंजर बीबी सिंह एक ठेले पर खड़े नजर आ रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, इस दौरान उनकी वहां मौजूद लोगों से कहासुनी हुई और उन्होंने कथित तौर पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। घटनास्थल पर मौजूद किसी व्यक्ति ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित होने लगा। वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय स्तर पर वन विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।



वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती पर मुख्यमंत्री ने किया नमन, प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं।

## मप्रः मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहल से खिलाड़ियों के लिए खुला नया अवसर

**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सतत प्रयासों एवं मार्गदर्शन से वर्ष 2021 के बाद उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सीधी भर्ती प्रक्रिया पुनः प्रारंभ की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की यह पहल खिलाड़ियों के लिए सम्मानजनक रोजगार सुनिश्चित करने के साथ उन्हें अपने खेल प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धात्मक तैयारी को निरंतर जारी रखने में भी सहायक सिद्ध होगी।



गृह विभाग ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देशानुसार ह्यमध्यप्रदेश पुलिस (उत्कृष्ट खिलाड़ियों की नियुक्ति) नियम, 2021में महत्वपूर्ण संशोधन किए हैं। शासकीय राजपत्र में 15 जून 2026 को अधिसूचना प्रकाशित कर दी गई है।


जनसंपर्क अधिकारी दुर्गेश रायकवार ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि संशोधित नियमों में उत्कृष्ट खिलाड़ियों के चयन, पात्रता एवं मूल्यांकन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सुव्यवस्थित और प्रभावी बनाया गया है। अब मध्यप्रदेश के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को शासकीय सेवा में अवसर प्राप्त होंगे। प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को पुलिस में उप निरीक्षक के 10 एवं आरक्षक के 50 पदों पर सीधी नियुक्ति का अवसर मिलेगा।

## जेसीबी इंडिया ने 6,00,000वीं मशीन के उत्पादन के साथ बनाया कीर्तिमान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नोएडा।** जेसीबी इंडिया ने अपनी 6,00,000वीं (छह लाखवीं) मशीन के उत्पादन और बिक्री के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। भारत में चार दशक से अधिक समय से काम कर रही कंपनी ने इस दौरान ग्राहकों, डीलरों, सप्लायर्स और समुदायों के साथ मिलकर देश के बुनियादी ढांचे के विकास में अहम योगदान दिया है। कंपनी की यह छह लाखवीं मशीन एक बैकहो लोडर है, जिसे आमतौर पर लोग जेसीबी खुदाई मशीन के नाम से जानते हैं। यह देश में सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाली निर्माण मशीनों में से एक है और सड़क निर्माण, ग्रामीण विकास तथा कृषि से जुड़े कार्यों में अपनी बहुउपयोगिता और दक्षता के लिए प्रसिद्ध है। पिछले कुछ वर्षों में जेसीबी इंडिया ने अपने विनिर्माण नेटवर्क का विस्तार किया है, मजबूत सप्लायर इकोसिस्टम विकसित किया है और भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप उत्पाद तैयार किए हैं। आज कंपनी के भारत में छह विनिर्माण संयंत्र हैं और देश जेसीबी के लिए एक महत्वपूर्ण वैश्विक उत्पादन केंद्र बन चुका है।

## निर्माणाधीन कुआं धंसने से कांग्रेस नेता की मां और पत्नी मलबे में दबी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजगढ़।** मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के खिलचीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बामनगांव में बुधवार को खेत में निमार्णाधीन कुआं अचानक धंस जाने से कांग्रेस मंडलम अध्यक्ष मुकेश कोट की मां और पत्नी मिट्टी के मलबे में दब गईं। सूचना मिलते ही प्रशासन, पुलिस और राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची तथा युद्धस्तर पर बचाव कार्य शुरू किया गया। जानकारी के अनुसार कांग्रेस नेता मुकेश कोट अपने खेत में पुराने कुएं का पुनर्निर्माण करा रहे थे। कुएं की खुदाई के बाद उसकी बाउंड्री आरसीसी से बनाई गई थी



और निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका था। आरसीसी को मजबूत करने के लिए कुएं के आसपास की मिट्टी को गीला किया गया था। साथ ही बाउंड्री में लोहे की सेंटरिंग भी लगी हुई थी। बुधवार को मुकेश कोट की 60 वर्षीय मां रूपाबाई और उनकी 30 वर्षीय पत्नी पिंकीबाई निमार्णाधीन कुएं को देखने खेत पर पहुंची थीं। दोनों महिलाएं कुएं के पास बिखरी गिट्टी को व्यवस्थित कर रही थीं। इसी दौरान अचानक कुएं के आसपास की मिट्टी धंस गई। महिलाएं संभल नहीं सकीं और धंसती मिट्टी के साथ करीब 25 फीट गहरे कुएं में जा गिरीं। देखते ही देखते ऊपर से भारी मात्रा में मिट्टी गिरने लगी और कुआं लगभग पूरी तरह भर गया। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। प्रशासन ने तत्काल रेस्क्यू अभियान शुरू किया। तीन जेसीबी और एक पोकलेन मशीन की मदद से मिट्टी हटाने का कार्य जारी है। करीब 50 से अधिक लोगों की टीम राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हुई है।

## डोंगला से गुजरने वाला नया फोरलेन लिखेगा महिदपुर की नई तकदीर : मुख्यमंत्री डॉ. यादव





**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपालः** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सिंहस्थ 2028 के भव्य आयोजन के लिए इन दिनों उज्जैन और इसके आसपास हजारों करोड़ रुपये के विकास कार्य जारी हैं। डोंगला से गुजरने वाला नया फोरलेन महिदपुर की नई तकदीर लिखेगा। महिदपुर शहर ट्रांसपोर्टेशन सेक्टर में भी अपनी अलग पहचान रखता है, इसमें भी और गति आएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को उज्जैन जिले की महिदपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उज्जैन सहित आसपास के क्षेत्र को मोक्षदायिनी मां क्षिप्रा जी का आशीर्वाद प्राप्त है। क्षिप्रा इस क्षेत्र के किसानों को अन्न पैदा करने के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध कराती है। महिदपुर भाग्यशाली है कि क्षिप्रा नदी पर बने लगभग सभी बांध और जलाशय महिदपुर में ही हैं।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में सिंगल क्लिक से कुल 207 करोड़ 57 लाख रुपये की लागत वाले 19 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इसमें करीब 188 करोड़ 42 लाख रुपए की लागत के सामाकोटा बैराज के लोकार्पण सहित क्षेत्र के 13 उप-स्वास्थ्य केंद्र के नए भवनों, महाविद्यालय एवं स्कूलों के नवीन भवनों तथा नवीन विद्युत उपकेंद्र का लोकार्पण भी शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सामाकोटा बैराज उज्जैन जिले में जल संरक्षण को नई ऊर्जा देगा। इससे भू-जल स्तर में सुधार होगा, जिससे हमारे अन्नदाता किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल और खेतों को नई संजीवनी मिलेगी। इतना ही नहीं, पानी की एक-एक बूंद को सहेजने का यह भागीरथ प्रयास आने वाले सिंहस्थ और उज्जैन के भविष्य के लिए मजबूत कवच बनेगा।

# गर्मी में भी यूपी में निर्बाध बिजली आपूर्ति, डिमांड पूरी करने में देश में अग्रणी बना उत्तर प्रदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः** उत्तर प्रदेश में इस समय भीषण गर्मी अपने चरम पर है। तापमान लगातार नए रिकॉर्ड बना रहा है और गर्म हवाओं ने जनजीवन को प्रभावित कर रखा है। ऐसी परिस्थितियों में बिजली की मांग भी तेजी से बढ़ी है, लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उप्र. पावर कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) आम जनता को निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराने में सफल साबित हो रहा है। बिजली की रिकॉर्ड मांग के बावजूद प्रदेश में आपूर्ति व्यवस्था सुचारु बनी हुई है, जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिल रही है।

- योगी सरकार की ऊर्जा व्यवस्था बनी मिसाल, दिन-रात फील्ड में डटे बिजली कर्मचारी
- 16 जून को 30,760 मेगावाट बिजली आपूर्ति

**16 जून को 30,760 मेगावाट बिजली आपूर्ति की गई**

यूपी लगातार देश में सर्वाधिक डिमांड बिजली आपूर्ति करने वाले राज्यों में शामिल है। 14 और 15 जून को प्रदेश डिमांड बिजली आपूर्ति करने के मामले में देश में पहले स्थान पर रहा। वहीं 16 जून को प्रदेश में 30,760 मेगावाट की रिकॉर्ड डिमांड पूरी की गई है। यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इतनी अधिक मांग के बावजूद कहीं भी व्यापक स्तर पर बिजली संकट की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई है। डिमांड बिजली आपूर्ति के मामले में उत्तर प्रदेश ने तमिलनाडु, पंजाब, कर्नाटक समेत कई बड़े राज्यों को पीछे छोड़ दिया है।



**14 और 15 जून को यूपी में रिकॉर्ड बिजली आपूर्ति**

15 जून को प्रदेश में 29,579 मेगावाट और 14 जून को 29,571 मेगावाट बिजली की आपूर्ति की गई थी। लगातार रिकॉर्ड स्तर की बिजली आपूर्ति यह दशार्ती है कि योगी सरकार ने ऊर्जा क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए जो प्रयास किए हैं, उनके सकारात्मक परिणाम अब सामने आ रहे हैं। योगी सरकार ने जिम्मेदार अधिकारियों को प्रदेशवासियों को निर्धारित रोस्टर के अनुसार निर्बाध बिजली उपलब्ध कराए जाने को लेकर जरूरी निर्देश दिए हैं। यही कारण है कि शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी बिजली आपूर्ति की स्थिति पहले की तुलना में काफी बेहतर हुई है।

**गर्मी, आंधी और बारिश में दिन-रात फील्ड पर डटे कर्मचारी**

प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में लोगों को पर्याप्त समय तक बिजली मिल रही है, जिससे घरेलू, व्यावसायिक और कृषि गतिविधियों को भी गति मिली है। बिजली कर्मचारी भीषण गर्मी, तेज आंधी और बारिश जैसी प्राकृतिक चुनौतियों के बीच दिन-रात कार्य कर रहे हैं। कहीं लाइन में खराबी आने पर तत्काल मरम्मत की जा रही है तो कहीं ट्रांसफार्मरों और विद्युत उपकरणों की निगरानी की जा रही है। ऊर्जा विभाग की टीमें रात के समय भी फील्ड में सक्रिय रहकर अनुरक्षण कार्यों को अंजाम दे रही हैं ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। प्रदेश सरकार द्वारा बिजली व्यवस्था को और अधिक आधुनिक तथा विश्वसनीय बनाने के लिए बिजनेस प्लान वर्ष 2025-26 के अंतर्गत विभिन्न जनपदों में व्यापक कार्य कराए जा रहे हैं। ट्रिपिंग और फॉल्ट की घटनाओं को

# महाराणा प्रताप का साहस, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति आज भी कर रहे हैं पीढ़ियों को प्रेरित : सीएम

**राष्ट्रसेवा**

» युवाओं से त्याग, अनुशासन और राष्ट्रसेवा के मूल्यों को अपनाने का आह्वान



**विजय समयाल**

**कांगड़ा।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज जिला कांगड़ा के महाराणा प्रताप इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, पठियार में इंडोर स्टेडियम के निर्माण के लिए एक करोड़ रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उन्हें त्याग, स्वाभिमान, स्वतंत्रता और राष्ट्रभक्ति का अमर प्रतीक बताया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया तथा स्मृति-चिन्ह (स्मारिका) का विमोचन भी किया।

कांगड़ा जिला के धर्मगिरि पठियार में महाराणा प्रताप की 487वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल एक निर्भीक योद्धा ही नहीं, बल्कि दूरदर्शी नेतृत्वकर्ता भी थे, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। उन्होंने हल्दीघाटी के युद्ध का उल्लेख करते हुए कहा कि यह युद्ध आज भी साहस, बलिदान तथा स्वतंत्रता एवं सम्मान के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक बना हुआ है।

मुख्यमंत्री ने युवाओं से महाराणा प्रताप के आदर्शों का अनुसरण करने का आह्वान करते हुए कहा कि वे त्याग, अनुशासन और राष्ट्रसेवा के मूल्यों को अपनाकर राष्ट्रीय एकता एवं सामाजिक सद्भाव को मजबूत बनाने में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सुशासन, ग्रामीण विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास तथा पर्यावरण संरक्षण के माध्यम से हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने प्रदेश की समृद्ध देशभक्ति की परंपरा का उल्लेख करते हुए मेजर सोमनाथ शर्मा, कर्नल डी.एस. थापा, कैप्टन विक्रम बत्रा तथा सूबेदार मेजर संजय कुमार जैसे वीर सैनिकों के बलिदान को स्मरण किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जुब्बल के फ्लाइट लेफ्टिनेंट अर्शवीर सिंह ठाकुर द्वारा प्रदर्शित अद्वितीय साहस की भी सराहना की।

### स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन को धनराशि की दरकार



मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हिमाचल प्रदेश के हितों की रक्षा और राज्य की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार के सतत् प्रयासों से 422 मेगावाट क्षमता वाली किशाऊ बांध परियोजना का मार्ग प्रशस्त हुआ है। भारत सरकार ने परियोजना से लाभान्वित होने वाले राज्यों द्वारा हिमाचल प्रदेश के विद्युत् घटक पर होने वाली लगभग 2,000 करोड़ रुपये की लागत को वहन करने पर सैद्धांतिक सहमति प्रदान की है, जिससे राज्य पर पड़ने वाला वित्तीय बोझ काफी कम होगा। उन्होंने कहा कि परियोजना पूर्ण होने पर राज्य को प्रतिवर्ष लगभग 100 करोड़ यूनिट बिजली प्राप्त होगी।

# मुख्यमंत्री ने पुनर्विकसित फव्वारा चौक एवं ई-बस चार्जिंग डिपो का किया लोकार्पण

**स्वीकृति**

» तीन नए इंट्रा-सिटी ई-बस मार्गों को भी स्वीकृति प्रदान



**टीम एक्शन इंडिया**

**धर्मशाला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने धर्मशाला स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 70 लाख रुपये की लागत से पुनर्विकसित फव्वारा चौक तथा पुराने एचआरटीसी कार्यशाला परिसर में 11.90 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित दो मंजिला ई-बस चार्जिंग डिपो एवं अनुरक्षण केन्द्र का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने सतत् शहरी विकास तथा आधुनिक सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए धर्मशाला में सार्वजनिक परिवहन को सुदृढ़ बनाने के लिए तीन नए इंट्रा-सिटी ई-बस मार्गों को भी स्वीकृति प्रदान की। मुख्यमंत्री ने बताया कि फव्वारा चौक के पुनर्विकास का उद्देश्य कोतवाली बाजार में यातायात को सुचारु बनाना, क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित रखना तथा इसे एक आकर्षक सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित करना है। परियोजना के तहत सड़क के लिए अतिरिक्त स्थान उपलब्ध करवाने के लिए फव्वारे और शहीद-ए-आजम भगत सिंह की प्रतिमा का पुनर्स्थापन किया गया है, जबकि रामलीला मंच और फव्वारा क्षेत्र को एकीकृत सार्वजनिक प्लाजा के रूप में विकसित कर भूमि के बेहतर उपयोग और यातायात प्रबंधन को सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने कहा कि नव विकसित फव्वारा चौक में पारंपरिक स्थानीय शैली की भित्ति चित्रकारी, वैरिएबल मैसेजिंग सिस्टम, आधुनिक प्रकाश व्यवस्था, पर्याप्त बैठने की सुविधा तथा आकर्षक केन्द्रीय फव्वारा स्थापित किया गया है।

# हमीरपुर मे ईमानदार पटवारी को मिला सच लिखने पर तबादला

**पवन धीमान**



**हमीरपुर।** क्या अब सरकारी कर्मचारियों का अपराध यह है कि वे सच लिखें? क्या कानून और रिकॉर्ड की सच्चाई सत्ता और राजनीतिक प्रभाव के सामने बेमानी हो चुकी है? हमीरपुर में सामने आया एक मामला प्रशासनिक निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है, जहां अवैध कब्जे के मामले में तथ्यात्मक रिपोर्ट देने वाले पटवारी को दुर्गम क्षेत्र में भेज दिया गया।

बलोह पटवार सर्कल में तैनात पटवारी अमित कुमार ने जिला परिषद चमनेड वार्ड से प्रत्याशी रहे रोहित शर्मा के मामले में रिकॉर्ड के आधार पर रिपोर्ट तैयार की। रिपोर्ट में स्पष्ट था कि कथित अवैध कब्जे का आरोप साबित नहीं होता। बाद में यही तथ्य उच्च न्यायालय के समक्ष भी स्थापित हुआ और अदालत ने नामांकन बहाल करते हुए रोहित शर्मा को चुनाव लड़ने की अनुमति दे दी।

रोहित शर्मा न केवल चुनाव लड़े बल्कि भारी मतों से विजयी भी हुए।लेकिन हैरानी की बात यह है कि जिस अधिकारी की रिपोर्ट को अदालत में भी गलत नहीं ठहराया गया, उसी अधिकारी को अचानक हमीरपुर से सैकड़ों किलोमीटर दूर किन्नौर जिले के दुर्गम क्षेत्र गियाबिंग (रिकांगपिओ) भेज दिया गया। तबादला आदेश 8 जून 2026 को जारी हुआ।

अब बड़ा सवाल यह है कि यदि पटवारी ने गलत रिपोर्ट नहीं दी थी, यदि अदालत ने भी उसकी रिपोर्ट के तथ्यात्मक आधार को स्वीकार किया, तो फिर उसके तबादले की जरूरत आखिर क्यों पड़ी? क्या यह महज संयोग है या फिर ईमानदारी का सरकारी पुरस्कार?

# सरकार के फैसले से डीजल उपभोक्ताओं की बढ़ी परेशानी : सीमा शर्मा

**राजन पुरी**



**ऊना।** ऊना ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा शर्मा ने केंद्र सरकार पर पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति और वितरण को लेकर निशाना साधा है। बुधवार को जारी बयान में उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण पेट्रोल पंपों पर आपातकाल जैसी स्थिति पैदा हो गई है और अब सरकार के दावों की वास्तविकता सामने आने लगी है।

सीमा शर्मा ने कहा कि खुले तेल की बिक्री पर लगाई गई रोक से विशेष रूप से डीजल उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि ट्रैक्टरों, जनरेटरों, हलवाइयों और बेकरी संचालकों को डीजल की अधिक आवश्यकता होती है, लेकिन पेट्रोल पंपों पर खुला तेल नहीं मिलने से उनके कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि पेट्रोलियम पदार्थों की पर्याप्त उपलब्धता के सरकारी दावे खोखले साबित हो रहे हैं। सरकार द्वारा पेट्रोल पंप संचालकों को खुले तेल की बिक्री करने पर कार्रवाई और पंप बंद किए जाने की चेतावनी दिए जाने से संचालकों में भय का माहौल बन गया है। महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने केंद्र सरकार से खुले तेल की बिक्री को लेकर जल्द स्पष्ट और ठोस निर्णय लेने की मांग की, ताकि आम लोगों और पेट्रोल पंप संचालकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

सीमा शर्मा ने कहा कि पहले से ही घरेलू गैस की आपूर्ति प्रभावित है और अब पेट्रोल-डीजल को लेकर भी समस्याएं सामने आने लगी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार महंगाई, बेरोजगारी, पेपर लीक मामलों और अन्य गंभीर मुद्दों पर विफल साबित हुई है।

## संक्षिप्त खबरें

### फतेहपुर ब्लॉक समिति पर कांग्रेस का कब्जा, अनीता अध्यक्ष व कुलवंत उपाध्यक्ष बने



**विजय समयाल**

**कांगड़ा।** विकास खंड फतेहपुर की ब्लॉक समिति को नया नेतृत्व मिल गया है। बुधवार को संपन्न हुए अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के चुनाव में कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों ने दोनों पदों पर जीत दर्ज की। अध्यक्ष पद पर गोलवां निवासी अनीता कुमारी तथा उपाध्यक्ष पद पर जगनोली निवासी कुलवंत सिंह 16-11 मतों से विजयी रहे।

चुनाव प्रक्रिया एसडीएम फतेहपुर एवं पीठासीन अधिकारी विश्रुत भारती की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान विकास खंड अधिकारी सुभाष अत्री भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। चुनाव में सभी 27 निर्वाचित सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अध्यक्ष पद के लिए अनीता कुमारी को 16 जबकि उनकी प्रतिद्वंद्वी अर्चना देवी को 11 मत प्राप्त हुए। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए कुलवंत सिंह को 16 और शमशेर सिंह को 11 मत मिले।

परिणाम घोषित होने के बाद पीठासीन अधिकारी विश्रुत भारती ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। प्रशासन की ओर से जानकारी दी गई कि ब्लॉक समिति की पहली बैठक 27 जून को पंचायत समिति हॉल फतेहपुर में आयोजित की जाएगी, जिसमें आगामी विकास योजनाओं और कार्यों पर चर्चा होगी।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनीता कुमारी ने कहा कि वह सभी सदस्यों को साथ लेकर चलेंगी और फतेहपुर क्षेत्र के समग्र विकास को प्राथमिकता देंगी। वहीं उपाध्यक्ष कुलवंत सिंह ने कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों को गति देना और पंचायतों की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता रहेगी। चुनाव परिणाम घोषित होते ही विकास खंड कार्यालय परिसर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने मिठाइयां बांटीं, एक-दूसरे को बधाई दी।

### बरसात में सांपों से रहें सतर्क, झाड़-फूंक के बजाय तुरंत लें चिकित्सीय उपचार

**राजन पुरी**

**ऊना।** वर्षा ऋतु के आगमन के साथ ही क्षेत्र में सांपों के निकलने की घटनाएं बढ़ने लगती हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है।

ब्लॉक बंगाणा के अंतर्गत आने वाले विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में सर्पदंश के उपचार के लिए एंटी स्नेक वेनम पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराया गया है।

कार्यकारी ब्लॉक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि सिविल अस्पताल बंगाणा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थानाकलां, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोहरी, लठियाणी, चमियाड़ी, रायपुर सहित अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में एंटी स्नेक वेनम उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में खेतों, झाड़ियों तथा घरों के आसपास सांपों की गतिविधियां बढ़ जाती हैं, इसलिए लोगों को सावधानी बरतनी चाहिए।

डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को सांप काट ले, तो घबराने की बजाय उसे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जाए।

उन्होंने लोगों को आगाह करते हुए कहा कि सर्पदंश की स्थिति में झाड़-फूंक, टोना-टोटका या अन्य अंधविश्वासों में समय बिल्कुल भी बर्बाद न करें, क्योंकि कुछ जहरीली प्रजातियां जैसे कोबरा और वाइपर का विष बहुत तेजी से शरीर में फैलता है और समय पर उपचार न मिलने पर मरीज की जान को खतरा हो सकता है।

### सिहुंता छिंज मेला कमेटी द्वारा आयोजित स्टार नाइट में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने की शिरकत

**हामिद खान**

**चंबा।** विधानसभा अध्यक्ष एवं भटियात विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुलदीप सिंह पठानिया ने सिहुंता छिंज मेला कमेटी द्वारा आयोजित स्टार नाइट कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि छिंज, मेले और त्योहार हमारी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर हैं। इन्हें संरक्षित एवं प्रोत्साहित करना समाज के प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल हमारी लोक संस्कृति और परंपराओं को जीवंत बनाए रखते हैं, बल्कि सामाजिक एकता एवं भाईचारे को भी मजबूत करते हैं।

उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि सिहुंता छिंज मेला कमेटी द्वारा आयोजित स्टार नाइट कार्यक्रम को अगले वर्ष से भटियात उत्सव के रूप में मनाया जाएगा, ताकि लोगों को भटियात विधानसभा क्षेत्र की स्थानीय पारंपरिक एवं लोक संस्कृति की झलक देखने को मिल सके तथा क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को और अधिक सशक्त बनाया जा सके।

कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विधानसभा अध्यक्ष ने अपनी ओर से 51 हजार रुपये का चेक भेंट कर मेला कमेटी को प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर फॉरेस्ट कॉर्पोरेशन के निदेशक कृष्ण चंद चेला, प्रधान ग्राम पंचायत सिहुंता अनिल कुमार, उप प्रधान मदन सिंह, बीडीसी सदस्य मुकेश कुमार, छिंज मेला कमेटी के प्रधान चूड़ सिंह गुलेरिया, तहसीलदार सुरेंद्र कुमार, थाना प्रभारी मनोज कुमार सहित मनोज महाजन, वरयाम सिंह, सरदार सिंह सहित मेला कमेटी के अन्य सदस्य एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### अप्पर भंजाल शंकर नगर में सजा समर मेला

**राजन पुरी**

**ऊना।** बाल विकास परियोजना गगरेट के अंतर्गत वृत्त भंजाल शंकर नगर में बुधवार को समर मेले का आयोजन किया गया। वृत्त पर्यवेक्षक रमा कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित इस मेले में 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के माता-पिता, दादा-दादी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। समर मेले का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना तथा अभिभावकों को प्रारंभिक बाल शिक्षा और विकास संबंधी गतिविधियों से अवगत करवाना रहा। मेले में विभिन्न विषयों पर आधारित आकर्षक स्टॉल लगाए गए। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सोनिया कुमारी और बीना रानी ने बच्चों के लिए विभिन्न शिक्षाप्रद एवं मनोरंजक गतिविधियां आयोजित कीं।

# मांगों की अनदेखी पर भड़के मीड-डे मील कर्मी, शिमला कूच की तैयारी

**राजन पुरी**



**ऊना।** मीड डे मील वर्कर्स यूनियन सीटू गगरेट ब्लॉक की बैठक बुधवार को प्रधान नरेश कुमारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में लंबित मांगों को लेकर 22 जून को प्रदेश व्यापी हड़ताल और शिमला में विशाल रैली को लेकर चर्चा की गई। बैठक के दौरान मीड डे मील कर्मियों से बड़ी संख्या में शिमला पहुंचकर प्रदर्शन को सफल बनाने की अपील की। प्रधान नरेश कुमारी ने कहा कि मीड-डे मील कर्मियों ने वर्षों के संगठन और संघर्ष के माध्यम से अपने रोजगार एवं अपने अधिकारों की रक्षा की है, लेकिन सरकारें द्वारा हमारी मांगों को लगातार अनदेखा किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मीड डे मील योजना के बजट में कटौती व केंद्रकृत कीचन व्यवस्था के कारण कर्मियों के रोजगार पर संकट गहरा रहा है। उन्होंने कहा कि 2009 से लंबित 12 माह का वेतन समाजिक सुरक्षा, ग्रे%यूटी, पेंशन व अन्य सुविधाओं से जुड़ी मांगे अब तक पूरी नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि यूनियन ने सरकार के समक्ष 18 सूत्रीय मांगपत्र रखा है, जिसमें 12 माह का वेतन लागू करना, मानदेय में वृद्धि व प्रत्येक विद्यालय में दो मीड-डे मील कर्मियों की नियुक्ति विशेष मांगे हैं। इस अवसर पर यूनियन की सचिव सीमा देवी, शमा रानी, शोभा रानी, पूनम शर्मा, रेखा रानी, अनिता रानी, पुष्पा देवी, कृष्णा देवी, नीलम कुमारी, सोमा देवी, अंजना कुमारी, सरोज, राजू, स्वर्णा देवी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# किन्नौर से शुरू हुआ विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम 2026 का दूसरा चरण

**टीम एक्शन इंडिया**



**रिकांगपिओ।** सीमावर्ती क्षेत्रों को विकास और जनभागीदारी के नए केंद्रों के रूप में सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए माई भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार ने भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के सहयोग से विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम-2026 के द्वितीय चरण का शुभारंभ किन्नौर के रिकांग पिओ स्थित आईटीबीपी बेस कैंप से किया। कार्यक्रम का उद्देश्य सीमांत क्षेत्रों के समग्र विकास को गति देना, युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ना तथा सीमावर्ती समुदायों के साथ सार्थक सहभागिता को बढ़ावा देना है। यह पहल भारत सरकार की उस व्यापक सोच का हिस्सा है जिसके तहत सीमावर्ती गांवों को केवल सुरक्षा की दृष्टि से नहीं, बल्कि विकास, अवसर और आत्मनिर्भरता के केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।

इस चरण में देश के विभिन्न राज्यों से आए 63 प्रतिभागियों को 13 सीमावर्ती गांवों में भेजा गया है, जिन्हें 6 क्लस्टरों में विभाजित किया गया है। अगले सात दिनों तक ये युवा किन्नौर और लाहौल-स्पीति के गांवों में रहकर स्थानीय समुदायों के साथ मिलकर सामाजिक, सांस्कृतिक और जन-जागरूकता आधारित गतिविधियों का संचालन करेंगे।

### आंगनबाड़ी केंद्र अंब में समर मेले का शुभारंभ

**राजन पुरी**

**ऊना।** बाल विकास परियोजना कार्यालय अंब के तहत नगर परिषद अंब के आंगनबाड़ी केंद्र अंब-5 में मंगलवार को समर मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ नगर परिषद अंब की अध्यक्ष अनसूहिया ने किया। कार्यक्रम में पर्यवेक्षक कुलविंदर सैनी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मोनिका कुमारी, महेश, नीलम, सपना, प्रियंका, संतोष, आशा देवी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पर्यवेक्षक कुलविंदर सैनी ने बताया कि प्रदेशभर में समर मेले आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य ब%चों के समग्र विकास, प्रारंभिक शिक्षा और पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

# गुस्साए ग्रामीणों ने यातायात रोककर की नारेबाजी, मुख्य आरोपित की दुकान बंद करने की मांग

**हामिद खान**



**चंबा।** कल्हेल युवक हत्याकांड के बाद लोगों में भारी गुस्सा है। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग को लेकर मंगलवार को सैकड़ों ग्रामीण सड़क पर उतर आए और भंजराडू बाजार में मुख्य आरोपित की दुकान के बाहर प्रदर्शन किया। लोगों ने करीब दो घंटे तक यातायात रोककर प्रशासन और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। दुकान के बाहर तोड़फोड़ करने से स्थिति तनावपूर्ण हो गई और प्रशासन को अतिरिक्त पुलिस बल तथा क्यूआरटी तैनात करनी पड़ी। कई घंटे तक चले हंगामे और वार्ता के बाद प्रशासन के आश्वासन पर प्रदर्शन समाप्त हुआ।

मंगलवार दोपहर बड़ी संख्या में ग्रामीण भंजराडू बाजार पहुंचे और आरोपित की दुकान को घेर लिया। देखते ही देखते पूरा बाजार प्रदर्शनकारियों से भर गया। लोगों ने आरोपितों को कड़ी सजा देने और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि आरोपित की दुकान बाजार में संचालित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने प्रशासन से दुकान को तुरंत खाली करवाने की मांग की। स्थिति उस समय और अधिक तनावपूर्ण हो गई जब कुछ लोगों ने दुकान के बाहर तोड़फोड़ शुरू कर दी। इससे बाजार क्षेत्र में अफरातफरी का माहौल बन गया।

# राम मंदिर निर्माण से जुड़े आरोपों पर घिरी सरकार, विधायक ने मांगा जवाब

**राजन पुरी**

**ऊना।** कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर से जुड़े भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि पिछले कई दिनों से श्रीराम मंदिर निर्माण और उससे जुड़े वित्तीय मामलों में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप सामने आ रहे हैं, लेकिन केंद्र की मोदी सरकार और उत्तर प्रदेश की योगी सरकार इस पूरे मामले पर खामोश हैं।

विवेक शर्मा ने कहा कि करोड़ों श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर निर्माण के लिए खुले दिल से दान दिया था, इसलिए देश के प्रत्येक नागरिक को यह जानने का अधिकार है कि उस धन का उपयोग किस प्रकार हुआ। शर्मा ने कहा कि श्रीराम मंदिर अयोध्या केवल किसी एक दल या संगठन का नहीं, बल्कि पूरे देश की आस्था का केंद्र है। उन्होंने कहा कि लाखों श्रद्धालुओं द्वारा दिए गए दान की राशि जनता की धार्मिक आस्था से जुड़ी हुई है। ऐसे में यदि किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता या भ्रष्टाचार के आरोप सामने आते हैं, तो उनकी निष्पक्ष और पारदर्शी जांच होना आवश्यक है। शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ जांच करे।

# कैंसर से जंग लड़ रहे सेवानिवृत्त कर्मचारी लेखराज के लिए मदद का हाथ बढ़ा, पेंशनर फोरम ने दिया आर्थिक संबल

**विजय समयाल**



**कांगड़ा।** जीवन भर विद्युत बोर्ड की सेवा करने वाले सेवानिवृत्त सहायक लाइनमैन लेखराज आज कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से संघर्ष कर रहे हैं। आर्थिक और शारीरिक चुनौतियों के इस कठिन दौर में विद्युत बोर्ड पेंशनर फोरम उनके साथ मजबूती से खड़ा नजर आया।

विद्युत बोर्ड पेंशनर फोरम के राज्य उपाध्यक्ष पवन मोहल के नेतृत्व में ज्वाली और फतेहपुर इकाई के पदाधिकारी पंचायत खटियाड़ के गांव ललबाना स्थित लेखराज के घर पहुंचे और उनका कुशलक्षेम जाना। इस दौरान ज्वाली इकाई के प्रधान राम लुभाया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमल सिंह ठाकुर, चैन सिंह पठानिया तथा फतेहपुर इकाई के सचिव कुलजीवन डोगरा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

प्रतिनिधिमंडल ने लेखराज और उनके परिवार को ढांढस बंधाते हुए ज्वाली इकाई की ओर से 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। वहीं फतेहपुर इकाई पहले ही 12 हजार रुपये की सहायता राशि देकर मानवीय संवेदनाओं का परिचय दे चुकी है।

# संधोल कॉलेज बंद करने के फैसले के खिलाफ भाजपा का जोरदार प्रदर्शन, सरकार को दी बड़े आंदोलन की चेतावनी



**टीम एक्शन इंडिया**
**मंडी। संधोल** कॉलेज को बंद करने के फैसले के विरोध में बुधवार को संधोल में भाजपा द्वारा विशाल जनआक्रोश रैली और विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। भाजपा नेता एवं धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व भाजपा प्रत्याशी रजत ठाकुर के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। महिलाओं, कॉलेज की छात्राओं, युवाओं, अभिभावकों, पंचायत प्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों तथा भाजपा कार्यकर्ताओं की बड़ी भागीदारी ने इस आंदोलन को एक व्यापक जनआंदोलन का स्वरूप दे दिया।
प्रदर्शन के दौरान पूरे संधोल क्षेत्र में सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी हुई और कॉलेज को तत्काल बहाल करने की मांग उठाई गई। रैली के समापन के बाद प्रदर्शनकारियों ने तहसीलदार संधोल के माध्यम से प्रदेश सरकार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि संधोल कॉलेज को तत्काल प्रभाव से बहाल किया जाए, शिक्षकों और कर्मचारियों के सभी रिक्त पद भरे जाएं तथा विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए रजत ठाकुर ने कांग्रेस सरकार और स्थानीय विधायक पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि संधोल कॉलेज वर्षों से क्षेत्र के हजारों विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा उपलब्ध करा रहा था, लेकिन सरकार ने इसे बंद कर युवाओं के भविष्य के साथ अन्याय किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय विधायक को कॉलेज में आकर विद्यार्थियों, अभिभावकों और क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुननी चाहिए थीं तथा सरकार के समक्ष मजबूती से इस मुद्दे को उठाना चाहिए था। लेकिन दुर्भाग्यवश उन्होंने इस गंभीर विषय पर अपेक्षित सक्रियता नहीं दिखाई। उन्होंने कहा कि जनता अपने प्रतिनिधियों से क्षेत्र के हितों की रक्षा की अपेक्षा करती है, लेकिन इस मामले में क्षेत्रवासियों को निराशा हाथ लगी है

## सरकारी स्कूलों के मेधावी छात्रों के लिए एनएमएमएस छात्रवृत्ति तैयारी अभियान 21 जून से शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**संगराय**
**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर,भारत अध्ययन मंडल के संचालक सदस्य सुरेंद्र कुमार ने कहा कि कहा कि गत वर्ष सत्र 2025-26 की सफल पहल के बाद, सत्र 2026-27 में भी एस सी इ आर टी सोलन द्वारा आयोजित एनएमएम एस छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों हेतु निशुल्क ऑनलाइन तैयारी कार्यक्रम चलाया जाएगा। जिसके सत्र की शुरुआत 21 जून 2026 को विश्व योग दिवस के अवसर पर की जाएगी। पिछले सत्र की उपलब्धियां की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि- कुल 22 सरकारी विद्यालयों के 85 विद्यार्थियों को निशुल्क ऑनलाइन तैयारी करवाई गई। जिसमें कठिन परिश्रम व समर्पण के फलस्वरूप 13 विद्यार्थियों ने नवंबर 2025 में सोलन द्वारा आयोजित एन एम एम एस की परीक्षा उत्तीर्ण की। सफल विद्यार्थियों के विद्यालय मझारनू के 2 विद्यार्थी,बिहू के 2 रक्कड़ के 2 विद्यार्थी, मुलथान का 1, कुटगढ़ का 1, बाल स्कूल जोगिंद्रनगर का 1, आरंग का 1,गदयाडा का 1, योरा का 1 एक विद्यार्थी चयनित हुआ है उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूल के कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों के लिए अनुभवी शिक्षकों द्वारा ऑनलाइन कक्षाएं ली जाती है। पाठ्यक्रम पर आधारित टेस्ट सीरीज और अध्ययन सामग्री, मानसिक योग्यता परीक्षण और शैक्षिक योग्यता परीक्षण दोनों की तैयारी करवाई जाती है। इच्छुक विद्यार्थी विद्यालय पंजीकरण के लिए भारत अध्ययन मंडल से संपर्क कर सकते हैं।

# वृद्धाश्रम दयोली में नशा मुक्त भारत अभियान-2026 के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**
**बिलासपुर,** भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान 2026 के तहत जागरूकता शिविर आयोजित
मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा अपना घर वृद्धाश्रम, दयोली में नशा मुक्त भारत अभियान 2026 के अंतर्गत एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत देवली की नवनिर्वाचित प्रधान रचना कुमारी मुख्य अतिथि तथा नवनिर्वाचित उप प्रधान अमरजीत विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सबसे पहले अपना घर वृद्धाश्रम देवली के संस्थापक प्रकाश चंद बंसल और अन्य स्टाफ सदस्यों ने प्रधान और उप प्रधान का टोपी व समृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया तथा इस उपलब्धि के लिए दोनों को शुभकामनाएं भी दी। भारत सरकार व हिमाचल सरकार द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे जागरूकता अभियान में आज विशेष उल्लेखनीय है कि प्रधान एवं उप प्रधान ने अपना पदभार ग्रहण करने के उपरांत अपने सार्वजनिक कार्यक्रमों की शुरुआत इसी जागरूकता शिविर में सहभागिता के साथ कीए जिससे नशामुक्त समाज के निर्माण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है। कार्यक्रम की शुरुआत करने से पहले जिला कल्याण अधिकारी द्वारा जूम मीटिंग के माध्यम से नशे के दुष्प्रभाव को रोकने के लिए एक शपथ ग्रहण करवाई उसके उपरांत सभी सदस्यों ने सामाजिक न्याय एवम अधिकारिता विभाग के माननीय मंत्री का भी अभिवादन सबने वर्चुअल माध्यम से सुना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा समाज में नशामुक्त वातावरण के निर्माण हेतु जनभागीदारी को बढ़ावा देना था। शिविर में उपस्थित लोगों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर मानव सेवा ट्रस्ट के संस्थापक एवं अध्यक्ष प्रकाश चंद बंसल ने अपने संबोधन में कहा कि नशा आज युवाओं को खोखला कर रहा है।

# ऐहजू में कैमिस्ट की दुकान चोरी के मामले का 24 खुलासा तीन आरोपी गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**संगराय**
**जोगिन्द्रनगर।** पुलिस थाना जोगिन्द्रनगर ने ऐहजू बाजार स्थित एक कैमिस्ट की दुकान में हुई नकदी चोरी की घटना का मात्र 24 घंटे के भीतर सफल खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 जून 2026 को राकेश कुमार शर्मा ने पुलिस चौकी घट्टा में शिकायत दर्ज करवाई कि उनकी कैमिस्ट की दुकान ऐहजू बाजार में स्थित है। दोपहर के समय जब वह भोजन करने के लिए घर गए हुए थे, तभी अज्ञात व्यक्तियों ने दुकान के गल्ले का ताला तोड़कर लगभग 60 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। शिकायत मिलते ही पुलिस थाना जोगिन्द्रनगर में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई। पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का गहन विश्लेषण किया। तकनीकी साक्ष्यों और फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान की गई तथा उनकी लोकेशन जिला कांगड़ा के पपरोला क्षेत्र में पाई गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए राहुल उर्फ भीमा, अविनाश उर्फ अव्वू तथा आदित्य उर्फ आदू को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया गया है तथा मामले की आगामी जांच जारी है। इस मामले के खुलासे में एएसआई सुरेश कुमार, एएसआई अतुल रैना, हेड कांस्टेबल मुनीष कुमार, एचएचसी धनी राम, कांस्टेबल दविन्द्र कुमार तथा कांस्टेबल नरेश कुमार की भूमिका सराहनीय रही।

# अबेकस प्रतियोगिता के जूनियर लेवल-1 में वेदिका ने हासिल किया प्रथम स्थान




**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**
**बिलासपुर,** अबेकस इंस्टीट्यूट घुमारवीं द्वारा अल्फा पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बरठीं में फिंगर अबेकस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त सहायक अभियंता विद्युत विभाग हरवंश शर्मा मुख्य अतिथि तथा प्रधानाचार्य ठाकुर दास शर्मा, ग्राम पंचायत बलोह के उपप्रधान हंसराज वशिष्ठ एवं सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य लेखराम धीमान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर संस्थान के संचालक शिव कुमार एवं प्रभारी अंकिता शर्मा ने अतिथियों का हिमाचली टोपी एवं शॉल भेंट कर सम्मान किया। प्रभारी अंकिता शर्मा ने अबेकस के महत्व एवं इसके लाभों की जानकारी दी। प्रतियोगिता के जूनियर लेवल.1 में वेदिका प्रथम, धान्या द्वितीय व अद्विक तृतीय, जूनियर लेवल.2 में अविक्षतहीर प्रथम, अद्विक द्वितीय व संकल्प तृतीय, बेसिक लेवल में उदय प्रथम व भूमिका द्वितीय, मीडियम लेवल में अनन्या शर्मा प्रथम, शानवी शर्मा द्वितीय व राघव तृतीय तथा एडवांस्ड लेवल में सृष्टि प्रथम, तृषा ठाकुर द्वितीय व मितुल वशिष्ठ तृतीय स्थान पर रहे। मुख्य अतिथि ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया तथा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अबेकस बच्चों की एकाग्रता, स्मरण शक्ति एवं गणनात्मक क्षमता को विकसित करने का प्रभावी माध्यम है।

## वन संरक्षण से पारिस्थितिक संतुलन एवं समावेशी विकास की दिशा में प्रतिबद्ध 'सुक्खू सरकार'

**टीम एक्शन इंडिया**
**मंडी।** हिमालय की गोद में बसा हिमाचल अपनी अपार वन संपदा के लिए विख्यात है। प्रदेश सरकार द्वारा वन संसाधनों के संरक्षण, सुरक्षा एवं सतत प्रबंधन के उद्देश्य से विभिन्न विकासात्मक एवं संरक्षणात्मक गतिविधियां क्रियान्वित की जा रही हैं। इनका मुख्य उद्देश्य पारिस्थितिक संतुलन बनाये रखना तथा जन सहभागिता को सुदृढ़ करना है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पहल पर शुरू की गई राजीव गांधी वन संवर्द्धन योजना सहित अनेक योजनाएं एवं कार्यक्रम वन संपदा की वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। पूरे प्रदेश सहित मंडी जिला में भी इन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। मंडी वन वृत के अन्तर्गत जिला मंडी का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल लगभग 3950 वर्ग किलोमीटर है, जिसमें से लगभग 1887 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र वन अच्छादित है, जो कुल क्षेत्रफल का करीब 47.77 प्रतिशत है। वन वृत्त मंडी में राजीव गांधी वन संवर्द्धन योजना के अन्तर्गत वन विकास एवं आजीविका संवर्द्धन में स्थानीय समुदायों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इस योजना का उद्देश्य हरित आवरण में वृद्धि, वन आधारित आजीविका को सुदृढ़ करना तथा स्थानीय लोगों में स्वामित्व की भावना विकसित करना है। लाभार्थियों की सहभागिता से पौधरोपण, वन भूमि सुधार एवं संबंधित गतिविधियाँ क्रियान्वित की जा रही हैं। योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान 121.5 हेक्टेयर क्षेत्र के लिए कार्य स्वीकृत किए गए, जिनके लिए लगभग एक करोड़ 24 लाख 20 हजार रुपए की वित्तीय राशि आवंटित की गई। इस दौरान 102.5 हेक्टेयर क्षेत्र में पौधारोपण कार्य पूर्ण किया गया तथा लगभग एक करोड़ से अधिक की वित्तीय उपलब्धि अर्जित की गई। योजना के अन्तर्गत 74 महिला मंडल व युवक मंडलों को लाभान्वित कर 1,22,857 पौधे/पालियों का वितरण किया गया। पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु स्वच्छ बनाए रखने में वनों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। वहीं, वन संपदा के माध्यम से आय अर्जित करने के भी बेहतर साधन सृजित हो रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान वन विभाग द्वारा विभिन्न स्त्रोतों से लगभग 7 करोड़ 42 लाख 55 हजार रुपए का राजस्व अर्जित किया गया।

## पुनर्वास आंकलन शिविरों में शिविरों में 161 व्यक्तियों का पंजीकरण हुआ

**टीम एक्शन इंडिया**
**श्याम कुल्वी**
**कुल्लू।** जिला रेडक्रॉस कुल्लू द्वारा आदर्श जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र कुल्लू के माध्यम से विकास खंड भुंतर की ग्राम पंचायत नरेश, कल्हेली, सचानी तथा रोट में दिव्यांग पुनर्वास आंकलन शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में 161 व्यक्तियों का पंजीकरण हुआ। सहायक आयुक्त जयवंती ठाकुर ने बताया कि इन शिविरों में 58 ऐसे दिव्यांगजन पाए गए जिनकी दिव्यांगता का आकलन मेडिकल बोर्ड द्वारा हो चुका है। दिव्यांगता के दृष्टिगत उनकी पुनर्वास आवश्यकताओं का आकलन करते हुए 50 व्यक्तियों को सहायक उपकरण जैसे व्हील चेयर, बैसाखी, छड़ीया, कान की सुनने की मशीन इत्यादि उपलब्ध करवाने के लिए मौके पर केस तैयार किये गए। इसके अतिरिक्त 11 दिव्यांगों को व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए चिन्हित किया गया ताकि वह अपने स्वयं रोजगार स्थापित कर सके। मानसिक रूप से अविकसित व्यक्तियों को लीगल गार्जियनशिप तथा स्कूल जाने वाले बच्चों को मिलने वाली छात्रवृत्ति के मामले मोके पर तैयार किए गए। उपरोक्त शिविरों में 49 नए दिव्यांगजनों की पहचान की गई तथा उन्हें 27 जून 2026 को जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र कुल्लू में जिला स्तरीय मेडिकल बोर्ड के सम्मुख प्रस्तुत होने का सुझाव दिया गया ताकि उन्हे दिव्यांगता प्रमाण पत्र उपलब्ध करवाए जाएँ। बोर्ड द्वारा यदि इन व्यक्तियों को 40% या इससे अधिक दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किए जाते है

# भारी वर्षा के बाद जल निकासी व्यवस्था बहाल करने में जुटा नगर निगम मंडी, विशेष अभियान शुरू



**टीम, एक्शन इंडिया**
**मंडी।** मंडी शहर में हुई भारी वर्षा के कारण विभिन्न स्थानों पर नालियों एवं नालों के अवरुद्ध होने से उत्पन्न जलभराव और जल निकासी की समस्या को देखते हुए नगर निगम मंडी ने सभी वार्डों में विशेष सफाई एवं जल निकासी अभियान शुरू किया है। टारना स्थित महुनाग मंदिर के पास बंद पड़ी पुलिया से मलबा हटाने के लिए जेसीबी और टिपर लगाए गए । नगर निगम आयुक्त रोहित राठौर ने बताया कि वर्षा से प्रभावित क्षेत्रों का आकलन करने के बाद शहर के संवेदनशील एवं संभावित जलभराव वाले स्थानों की पहचान की गई है। इसके आधार पर नालियों एवं नालों की सफाई के लिए क्षेत्रवार कार्ययोजना तैयार कर विभिन्न टीमों का गठन किया गया है, ताकि राहत एवं सफाई कार्य समयबद्ध ढंग से पूरे किए जा सकें। उन्होंने बताया कि नगर निगम की टीमें बुधवार सुबह 5 बजे से ही विभिन्न प्रभावित एवं संभावित अवरुद्ध स्थलों पर सक्रिय हैं। अभियान के तहत पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मियों, फील्ड स्टाफ और आवश्यक मशीनरी को तैनात किया गया है। जेसीबी मशीनों की सहायता से नालों एवं नालियों में जमा मिट्टी, मलबा, झाड़ियां तथा ठोस अपशिष्ट को हटाने का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। रोहित राठौर ने कहा कि नगर निगम के सभी वार्डों में टीमें समन्वय के साथ कार्य कर रही हैं और शहर के विभिन्न क्षेत्रों की लगातार निगरानी की जा रही है। जल निकासी व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने तथा संभावित समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए यह अभियान आगामी दिनों में भी जारी रहेगा।

उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वे नालियों एवं नालों में कूड़ा-कचरा, निर्माण सामग्री, मिट्टी अथवा अन्य अपशिष्ट न डालें, क्योंकि इससे जल निकासी बाधित होती है और वर्षा के दौरान जलभराव की समस्या बढ़ सकती है।

### 26 जून तक नशा मुक्त सप्ताह का आयोजन

**श्याम कुल्वी**
**कुल्लू,** नशा मुक्त भारत अभियान - विकसित भारत की पहचान' थीम के तहत कुल्लू जिले में 17 से 26 जून 2026 तक 'नशा मुक्त सप्ताह' का आयोजन किया जा रहा है। उपायुक्त कुल्लू अनुराग चंद्र शर्मा ने बताया कि जिला में 10 दिवसीय इस अभियान के दौरान छात्रों, युवाओं एवं आम जनता को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत सामूहिक शपथ, 'माय गॉव' क्विज़, पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिताएं, साइकिल व बाइक रैली, नुक्कड़ नाटक, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष सत्र, 'नशा मुक्ति मित्र' पंजीकरण, स्वास्थ्य शिविर एवं काउंसलिंग तथा सोशल मीडिया व रील्स प्रतियोगिता के माध्यम से व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

# कार गहरी खाई में गिरी, चालक की मौत



**टीम एक्शन इंडिया**
**मंडी।** उपमंडल कोटली के तहत ग्राम पंचायत ढंडाल के सड़क मार्ग में कार के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के कारण चालक की मौत हो जाने का समाचार है । पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार राम सिंह निवासी ढंडाल जो माता जनित्री मंदिर जा रहे थे कि घर के नजदीक ही उनकी कार नियंत्रित हो गई और गहरी खाई में जा गिरी। यह घटना मंगलवार देर शाम की है। बताया जाता है कि जिस समय वह घर से माता जनित्री मंदिर जा रहे थे उस समय मौसम खराब था तथा भारी आंधी तूफान चल रहा था ।इसी बीच उनकी कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। राम सिंह जो कार चालक के साथ मालिक भी था कि मौके पर ही मौत हो गई ।दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की सूचित किया गया। आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और दुर्घटना में मृत राम सिंह के शव को कार से बाहर निकल कर सड़क मार्ग पर लाया। पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल मंडी लाया जहां पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। राम सिंह लोक निर्माण विभाग से करीब 7 साल पहले सेवानिवृत्त हुए थे। वह उन्नत किसान के साथ समाजसेवक भी थे। उनकी मृत्यु पर विधायक अनिल शर्मा, पूर्व विधायक कन्हैया लाल ठाकुर, डीडी ठाकुर, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष भुवनेश् ठाकुर, जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष चंपा ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष मेघ सिंह ठाकुर, शिव बनेर, परम देव ठाकुर, नैना फेडरेशन की अध्यक्ष दमा ठाकुर ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

## महाराणा प्रताप को पाठ्यक्रम में शामिल करो, सवर्ण आयोग बनाओ : बचन सिंह राणा



**टीम एक्शन इंडिया**
**मंडी।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर मंडी के ऐतिहासिक सेरी मंच पर आयोजित कार्यक्रम में महाराणा प्रताप के आदर्शों को पाठ्यक्रम में शामिल करने, सवर्ण आयोग के गठन तथा जरूरतमंदों को आर्थिक आधार पर आरक्षण देने की मांग प्रमुखता से उठी। कार्यक्रम का आयोजन श्री राजपूत सभा मंडी और राजपूत महासभा हिमाचल प्रदेश द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।
कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।
इस अवसर पर राजपूत महासभा हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष के.एस. जम्वाल ने कहा कि देश की आजादी और सनातन संस्कृति की रक्षा में महाराणा प्रताप, रानी लक्ष्मीबाई सहित अनेक वीर योद्धाओं का अतुलनीय योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि इन महापुरुषों ने अपने परिवार और वंश तक को राष्ट्रहित में दांव पर लगा दिया, इसलिए सरकारों को भी उनके योगदान की अनुभूति करते हुए उन्हें उचित सम्मान देना चाहिए।
जम्वाल ने कहा कि उनकी लड़ाई किसी जाति या धर्म के खिलाफ नहीं है, लेकिन आरक्षण का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचना चाहिए, चाहे वह किसी भी वर्ग से संबंध रखता हो। उन्होंने कहा कि सामान्य वर्ग संयुक्त मोर्चा ने यूजीसी से जुड़े प्रावधानों का भी विरोध किया है और इस संबंध में अपनी आवाज लगातार उठा रहा है।
कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के नेशनल कोऑर्डिनेटर बचन सिंह राणा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में राजपूत सभा की विभिन्न इकाइयां समाजहित में बेहतर कार्य कर रही हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में भी सभा सभी वर्गों और समाज के हित में सकारात्मक भूमिका निभाएगी। राणा ने सवर्ण आयोग के गठन की मांग दोहराते हुए कहा कि नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास से परिचित कराने के लिए महाराणा प्रताप के जीवन और चरित्र को स्कूलों के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए।
इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया और महाराणा प्रताप के जीवन, त्याग, शौर्य तथा राष्ट्रभक्ति पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

### 42 वां विशाल भगवती जागरण 27 जून को

**टीम एक्शन इंडिया**
**मंडी।** 42 वां विशाल भगवती जागरण मंडी के सेरी मंच पर इस बार 27 जून को होगा जबकि विशाल भंडारा 28 जून रविवार को दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा। इसका आयोजन हर साल की तरह जय दुर्गा संकीर्तन मंडल मंडी द्वारा किया जाएगा। मंडल के प्रवक्ता ने बताया कि जागरण में इस बार मुख्य आकर्षण प्रख्यात भजन गायक अभिषेक सोनी एंड पार्टी तथा नीरू चांदनी एंड पार्टी होंगे जो भगवती मां का गुणगान करेंगे। इसके अलावा प्रवीण कपिला मां तारा रानी जी व माँ आदि शक्ति भजन मंडली सुंदरनगर द्वारा भी मां भगवती का गुणगान किया जाएगा। आयोजकों ने तमाम भक्तों व श्रद्धालुओं से आग्रह किया है

# जिला स्तरीय सलाहकार एवं समीक्षा समिति की बैठक में वित्तीय साक्षरता एवं उद्यमिता विकास पर बल



**टीम एक्शन इंडिया**
**श्याम कुल्वी**
**कुल्लू।** जिला स्तरीय सलाहकार एवं समीक्षा समिति की इस तिमाही की बैठक बचत भवन कुल्लू के सभाकक्ष में आयोजित की गई । बैठक सहायक आयुक्त जयवंती ठाकुर की अध्यक्षता तथा प्रबंधक, पंजाब नेशनल बैंक, अखाड़ा बाजार कुल्लू, शिवेंद्र प्रताप सिंह की सह अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए सहायक आयुक्त ने सभी से आग्रह किया की वे समस्त सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करे। उन्होंने कहा कि इस के लिए जागरूकता अभियान बढाने का प्रयास करे तथा वित्तीय साक्षरता कैंप समय समय पर विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए लगाए। उन्होंने कहा की किसी भी विभाग या बैंक की यदि कोई बड़ी बैठक होती हे तो वे अपने बैंक की योजनाएं तथा इस का लाभ लेने की प्रक्रिया के बारे में ग्रामीण क्षेत्र में जा कर लोगों को इसकी जानकारी दें। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण तथा युवाओं के उद्यमिता विकास के बारे में जनता तक जानकारी पहुंचाने के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने बैंकों से आग्रह किया की गुणवत्ता के आधार पर अधिक से अधिक ऋण प्रदान करे व वित्तीय वर्ष के सभी लक्ष्य प्राप्त करने का अनुरोध किया तथा साथ ही उन्होंने सभी बैंकों को ऋण जमा अनुपात में उत्तरोत्तर वृद्धि करने के निर्देश दिए 7 उन्होंने बैंकों के अनर्जक आस्तियों पर चिंता व्यक्त किया तथा वसूली में प्रशासन द्वारा सहयोग करने का आश्वासन दिया। शिवेंद्र प्रताप सिंह ने अध्यक्ष जिला स्तरीय सलाहकार एवं समीक्षा समिति कुल्लू का स्वागत करते हुए सभा को संबोधित किया तथा सभी बैंकों एवं विभागों के पदाधिकारियों को आपसी सामंजस्य के साथ काम करने के लिए बधाई दी।

# खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता मानकों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**श्याम कुल्वी**
**कुल्लू** जिला कुल्लू में आज खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन तथा आम जनता को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कुल्लू जिले के खाद्य सुरक्षा सहायक आयुक्त अनिल शर्मा द्वारा की गई, जिसमें खाद्य सुरक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, स्थानीय प्रशासन तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में जिले के होटल, रेस्टोरेंट, ढाबों, मिठाई की दुकानों, बेकरी, किराना प्रतिष्ठानों तथा अन्य खाद्य कारोबार संचालकों द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता मानकों के पालन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। इसके साथ ही खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने, मिलावट पर प्रभावी रोक लगाने तथा उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अध्यक्ष ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले भर में नियमित निरीक्षण अभियान चलाए जाएं तथा खाद्य पदार्थों के नमूने निर्धारित मानकों के अनुसार लिए जाएं। जिन प्रतिष्ठानों में स्वच्छता मानकों का उल्लंघन पाया जाए या खाद्य सुरक्षा नियमों की अनदेखी की जाए, उनके विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत नियमानुसार कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में विशेष रूप से पर्यटन सीजन को ध्यान में रखते हुए होटल, रेस्टोरेंट, ढाबों और फास्ट फूड केंद्रों में साफ-सफाई, खाद्य पदार्थों के सुरक्षित भंडारण, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, कर्मचारियों की व्यक्तिगत स्वच्छता तथा रसोईघरों में निर्धारित मानकों के पालन पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए

### 10,500 फीट ऊंचे 'पटालसू पीक' पर डीएवी मंडी के जांबाज छात्रों ने फहराया परचम

मंडी। डीएवी सीपीएस मंडी के 42 विद्यार्थियों का एक दल 'अटल बिहारी वाजपेयी इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग एंड एलाइड स्पोर्ट्स के सौजन्य से आयोजित साहसिक शिविर को सफलतापूर्वक पूरा करके लौट आया है। इस रोमांचक शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने प्रकृति के करीब रहकर नदी पार करने चट्टानों पर चढ़ने, रस्सियों के सहारे नीचे उतरने सहित जंगल क्राफ्ट और वाइल्डरनेस से जुड़े विभिन्न कठिन व जीवनोपयोगी कौशल सीखे। अभियान की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि विद्यार्थियों ने लगभग 10,500 फीट की चुनौतीपूर्ण ऊंचाई पर स्थित 'पटालसू पीक' का सफल आरोहण कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

## टीवीएस रेडर ने स्टाइल आइकन अवॉर्ड्स 2026 के साथ की साझेदारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मंडी।** नई पीढ़ी के राइडरों के लिए भारत की स्टाइलिश मोटरसाइकल टीवीएस रेडर ने टाइटल पार्टनर के रूप में स्टाइल आइकन अवॉर्ड्स 2026 के साथ साझेदारी की है। यह भारत के युवा एवं स्टाइल के प्रति सजग उपभोक्ताओं के साथ ब्राण्ड के जुड़ाव को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह साझेदारी मोबिलिटी,फैशन, एंटरटेनमेन्ट और मशहूर संस्कृति की दुनिया को एक साथ लाकर टीवीएस रेडर की स्थिति को और मजबूत बनाती है जो आज के युवाओं की पहचान एवं महत्वाकांक्षाओं के साथ मेल खाती है।अपने खास डिजाइन,परफोर्मेन्स एवं युवाओं को लुभाने वाले अंदाज़ के लिए मशहूर टीवीएस रेडर ऐसी पीढ़ी के साथ जुड़ी रही है जो स्व अभिव्यक्ति और प्रमाणिकता को महत्व देते हैं। भारत के अग्रणी स्टाइल प्लेटफॉर्म्स में से एक के साथ एसोसिएशन के द्वारा ब्राण्ड ने उन दर्शकों के साथ जुड़ने का लक्ष्य रखा है जिनके लिए स्टाइल फैशन के दायरे से बढ़कर रोज़मर्रा के पसंदीदा विकल्पों तक जाता है और इन विकल्पों में उनकी पसंदीदा मोटरसाइकलें भी शामिल हैं।इस साझेदारी के तहत टीवीएस रेडर एक राष्ट्रव्यापी सोशल कॉन्टेस्ट रैड द कारपेट भी लेकर आए हैं जिसके द्वारा टीवीएस रेडर के मालिकों को मोटरसाइकल के साथ साथ अपना पर्सनल स्टाइल दिखाने का मौका भी मिलता है।

# कसौली विधानसभा क्षेत्र में लगभग 225 करोड़ रुपए की सिंचाई व पेयजल योजनाएं का कार्य प्रगति पर-मुकेश अग्निहोत्री



टीम एक्शन इंडिया
मनीष

**सोलन।** उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि कसौली विधानसभा क्षेत्र में लगभग 225 करोड़ रुपए की सिंचाई व पेयजल योजनाओं का कार्य अंतिम चरण में प्रगति पर है। मुकेश अग्निहोत्री आज कसौली विधानसभा क्षेत्र के कुमारहट्टी में एक 'आभार सभा' समारोह में उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर भी उपस्थित थे। मुकेश अग्निहोत्री ने इस अवसर पर ग्राम पंचायत के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों का गांव के समग्र विकास में अहम योगदान होता हैं। उन्होंने आशा जताई कि नवनिर्वाचित प्रतिनिधि प्रदेश सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने में सहयोग देंगे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कसौली विधानसभा क्षेत्र के लिए 135 करोड़ रुपए से गिरी पेयजल आपूर्ति योजना का कार्य लगभग 90 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है तथा शेष कार्य लोगों के सहयोग से शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पेजयल योजना के बनने से 17 ग्राम पंचायतों के लगभग 180 गांव के 55 हजार लोगों को लाभ मिलेगा। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि पट्टा बरावरी सिंचाई योजना का कार्य भी प्रगति पर है। यह योजना लगभग 4.50 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित की जा रही है। इस योजना के पूर्ण होने से 10 गांव की लगभग 116 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई होगी, जिससे किसान लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि लगभग 1.15 करोड़ रुपए की लागत से हरिपुर सिंचाई योजना का कार्य भी प्रगति पर है। इस योजना के निर्माण से 54 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई होगी जिससे 08 गांव के निवासियों को लाभ मिलेगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कसौली विधानसभा क्षेत्र में एशियन विकास बैंक के सहयोग से 38 करोड़ रुपए की पेयजल आपूर्ति योजना का कार्य भी प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि इस योजना से लगभग 10 ग्राम पंचायत के निवासियों को स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति होगी। उन्होंने कहा कि 47 करोड़ रुपए की लागत से परवाणू सीवरेज योजना का कार्य भी प्रगति पर है। इस योजना के प्रथम ज़ोन का कार्य पूर्ण हो चुका है और दूसरे ज़ोन का कार्य शीघ्र पूर्ण हो जाएगा। इस कार्य के पूर्ण होने से लोगों को और बेहतर सीवरेज सुविधा मिलेगी। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने इस अवसर पर नवनिर्वाचित प्रतिनिधि को बधाई दी। उन्होंने आशा जताई कि ग्राम पंचायत चेवा के प्रधान अपनी ग्राम पंचायत को आदर्श पंचायत के रूप में विकसित करेंगे।

कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने कहा कि ग्राम पंचायत प्रतिनिधि समाज में एक महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत के विकास के लिए प्रदेश सरकार का भरपूर सहयोग रहेगा। ग्राम पंचायत चेवा के प्रधान रमेश चौहान ने इस अवसर पर सभी गणमान्यों का स्वागत किया।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष विनय कुमार, प्रदेश कांग्रेस समिति के महासचिव विनोद जिंटा, हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी विपणन एवं उपभोक्ता संघ लिमिटेड के अध्यक्ष महेश्वर सिंह चौहान, हिमाचल प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम के उपाध्यक्ष अनुराग शर्मा, जोगिंद्रा केन्द्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष मुकेश शर्मा, प्रदेश जल प्रबंधन बोर्ड के सदस्य सुरेंद्र सेठी, प्रदेश खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम निदेशक मण्डल के सदस्य जतिन साहनी, हिमाचल प्रदेश व्यापार कल्याण बोर्ड के सदस्य शोभित बहल, कांग्रेस पार्टी के अरविंद गुप्ता व राजेन्द्र ठाकुर, उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा, जल शक्ति विभाग सोलन के अधीक्षण अभियंता संजीव सोनी, उप पुलिस अधीक्षक परवाणू अनिल कुमार सहित विभिन्न के वरिष्ठ अधिकारी, अन्य गणमान्य व्यक्ति व ग्रामीण उपस्थित थे।

# पांवटा साहिब पंचायत समिति पर भाजपा का कब्जा



टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

**नाहन।** जिला सिरमौर की पांवटा साहिब पंचायत समिति पर एक बार फिर भाजपा ने कब्जा कर लिया है। मंगलवार को विकास खंड कार्यालय पांवटा साहिब में पंचायत समिति के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के लिए चुनाव प्रक्रिया का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा समर्थित तारों देवी को अध्यक्ष और कमलेश कुमारी को उपाध्यक्ष चुना गया। पांवटा साहिब पंचायत समिति के 35 वार्ड सदस्यों में से भाजपा के 22 सदस्य और कांग्रेस के 13 सदस्य चुने गए हैं। वही मीडिया से बात करते हुए पांवटा साहिब के विधायक सुखराम चौधरी ने कहा कि पंचायत समिति पांवटा साहिब के अध्यक्ष पद पर तारों देवी और उपाध्यक्ष पद पर कमलेश कुमारी को चुना गया हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया की आने वाले समय में भाजपा समर्थित पंचायत समिति के माध्यम से सभी क्षेत्रों में एक सम्मान विकास कार्य होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार को बने साढ़े तीन का समय हो गया है। लेकिन विकास कार्य पूरी तरह से ठप्प है। जनता हताश है और निराश है। जिसको देखते हुए जनता ने भाजपा समर्थित उम्मीदवारों में अपना विश्वास व्यक्त किया है और कांग्रेस की बुरी तरह से हार हुई हैं। उधर पंचायत समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष तारों देवी एवं उपाध्यक्ष कमलेश कुमारी ने कहा कि सभी सदस्यों को साथ लेकर विकास कार्यों को आगे बढ़ाएंगे ।

# सड़क को लेकर चल रहे झगड़े के बीच कुत्तों का हमला, तीन लोग घायल



टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

**नाहन।** राजगढ़-लहारब-शमलोह सड़क पर चल रहे जमीनी विवाद ने मंगलवार को उस समय अजीब मोड़ ले लिया, जब विवाद के बीच कुत्तों ने हमला कर दिया। सड़क को लेकर दो पक्षों के बीच चल रही तनातनी के दौरान कुत्तों के हमले में दो छात्र और एक पुलिस जवान घायल हो गए। ।जानकारी के अनुसार लहारब निवासी जसवंत अपने खेत में निर्माण कार्य के लिए जेसीबी मशीन लेकर जा रहे थे। डूब्लू के समीप दो महिलाओं ने मशीन को आगे बढ़ने से रोक दिया। सड़क और भूमि अधिकार को लेकर विवाद बढ़ने पर शको सूचना दी गई। पुलिस के पहुंचने से पहले आईटीआई से घर लौट रहे दो छात्र वहां से गुजर रहे थे। विवाद के चलते उनकी बाइक रुकी और इसी दौरान वहां मौजूद कुत्तों ने उन पर हमला कर दिया। दोनों छात्र घायल हो गए।इसके बाद मौके पर पहुंची राजगढ़ पुलिस ने जब स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया तो कुत्तों ने एक पुलिस जवान को भी काट लिया। सड़क विवाद के बीच हुए इस हमले से कुछ समय के लिए मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।स्थानीय लोगों का कहना है कि संबंधित मार्ग को लेकर लंबे समय से विवाद चला आ रहा है। उनका दावा है कि सड़क पर सरकारी धन खर्च हो चुका है और वर्षों से लोग इसका उपयोग कर रहे हैं, लेकिन समय-समय पर आवाजाही को लेकर विवाद खड़ा किया जाता है। दूसरी ओर संबंधित महिला का कहना है कि उक्त स्थान सड़क नहीं बल्कि रास्ता है तथा भारी मशीनों की आवाजाही से उसकी निजी भूमि को नुकसान पहुंचता है।

# पीएचसी कलोल का बढ़ा दर्जा अब बना सीएचसी, सरकार का जताया आभार



टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर**, झंडूता विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक मजबूती मिली है। अब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कलोल का दर्जा बढ़ाया गया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा मिला है। प्रदेश स्वास्थ्य विभाग की ओर से इस बारे में अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। यहां पर जल्द ही स्वास्थ्य विभाग की ओर से चार विभिन्न पद भरे जाएंगे। इसके लिए आगामी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं झंडूता कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने इसके लिए प्रदेश सरकार, स्वास्थ्य विभाग का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बरठीं में आयोजित जनसभा के दौरान इस मसले को उठाया गया था जिसके चलते क्षेत्र की जनता की समस्या का समाधान हुआ है। कैबिनेट से मंजूरी के बाद सरकार ने आदेश जारी कर दिए हैं। उन्होंने कहा है कि प्रदेश सरकार की ओर से क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया जा रहा है। इससे पहले सरकार की ओर से झंडूता अस्पताल में विशेषज्ञों की तैनाती की। जिसका लाभ यहां पर उपचार के लिए आने वाले लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि अब सरकार की ओर से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कलोल का दर्जा बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि यहां पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की सुविधा लोगों को मिलने के चलते जनता को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कलोल में ऑन जॉब ट्रेनी के आधार पर स्वास्थ्य कर्मियों के पद भरे जाएंगे। उन्होंने कहा कि एक पद मैडिकल ऑफिसर, एक पद स्टाफ नर्स, एक पद लैब टैकनीशियनए एक पद क्लर्क का स्वीकृत किया गया है। उन्होंने कहा कि कलोल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा बढ़ाने को लेकर मुख्यमंत्री सुखबिंद्र सिंह सुक्खू के समक्ष मसला उठाया गया था। जिसके चलते पीएचसी कलोल का दर्जा बढ़ाकर सीएचसी कर दिया गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह ठाकुर, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्रिहोत्री, स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी का आभार जताया है।

# सातवीं कक्षा के छात्र ने फंदा लगाकर दी जान, मामला दर्ज, छानबीन जारी

**बिलासपुर, कश्मीर ठाकुर।**

घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र की अंतिम छोर की एक पंचायत में एक 13 वर्षीय किशोर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार मृतक सातवीं कक्षा का छात्र था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार शाम के समय में नाबालिग ने कमरे में था जब परिजनों ने देखा तो वह फंदे से लटका हुआ था उन्होंने एकाएक उतारा और घुमारवीं अस्पताल ले आए जहा डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया गया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम मंगलवार को करवाकर शव परिजनों के हवाले कर दिया गया है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है न ही कोई सुसाइड नोट मिला है। डीएसपी विशाल वर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

# हराबाग स्कूल के 12 छात्र भारतीय सेना में देंगे सेवाएं

टीम एक्शन इंडिया

**मंडी।** जिला की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हराबाग के छात्र व छात्राएं आज विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। हाल ही में स्कूल के 12 छात्र भारतीय सेना में चयनित हुए हैं जबकि स्कूल की छात्रा रही मलन गांव की संजलि ने वायु सेना में भर्ती होकर स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। संजलि जोगिंदर नगर क्षेत्र की एकमात्र लड़की है जिसने वायु सेना में भर्ती होकर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। हराबाग स्कूल में पढ़ाई के साथ-साथ शारीरिक शिक्षक परस राम से फिजिकल फिटनेस की ट्रेनिंग हासिल कर घरोन गांव के दो भाई आदित्य व आशीष के अलावा दीक्षांत, रोहित, दीक्षांत, आदित्य, सुजल, आशीष, साहिल, पुष्पराज, चंद्रेश व आशीष ने भारतीय सेना में भर्ती होकर अपने सपने को साकार किया है। भारतीय सेना व वायु सेना में भर्ती होने वाले सभी पूर्व छात्रों के लिए स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्य एवं उच्च शिक्षा विभाग के निदेशक डा हरीश अवस्थी की धर्मपत्नी नीना अवस्थी ने कहा कि यह बड़े गर्व की बात है कि एक ही बार में एक ही स्कूल के 12 छात्रों ने भारतीय सेना में भर्ती होने का सौभाग्य हासिल किया है। उन्होंने कहा कि बीएससी की पढ़ाई कर रही स्कूल की पूर्व छात्रा संजलि ने वायु सेना में भर्ती होकर न केवल क्षेत्र का नाम रोशन किया है बल्कि लड़कियों के लिए एक मिसाल भी पेश की है। भारतीय सेना में उत्कृष्ट सेवा के बाद अब स्कूल में शारीरिक शिक्षक के रूप में सेवा प्रदान कर रहे

# संक्षिप्त खबरें

## शैड व्यवस्था करने पर पीसीसी महासचिव विवेक कुमार का ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत



टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर**, विकास खण्ड झंडूता की ग्राम पंचायत बड़गांव में स्थानीय लोगों द्वारा आभार व धन्यवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव विवेक कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। ग्रामवासियों द्वारा सबसे पहले बड़गांव के पज्याल जख से कार्यक्रम स्थल तक ढ़ोल नगाड़ों व फूल मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत के साथ मुख्यातिथि विवेक कुमार को सभा स्थल तक ले जाया गया। ततपश्चात ग्रामवासियों द्वारा मुख्यातिथि को शाल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया। ग्रामवासियों ने धन्यवाद व आभार प्रकट करते हुए कहा कि गांव गट्टी के इस धार्मिक स्थल पर पिछले 50 वर्षों से इस स्थान पर श्रीमद् भागवत, विवाह शादियां वह अन्य धार्मिक कार्यक्रम होते रहते हैं। लेकिन छत न होने के कारण बरसात व अन्य मौसम में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। ग्राम वासियों ने इस समस्या को विवेक कुमार के सामने रखा और उन्होंने इस धार्मिक स्थल पर शैड डलवाने की बात कही थी और उन्होंने 2 लाख रुपये की राशि स्वीकृत करके इस कार्य को पूर्ण करवाया। मुख्यातिथि विवेक कुमार ने लोगों को सम्बोधित करते हुए व बधाई देते हुए कहा कि यह लोगों का मौलिक अधिकार है! उन्होंने कहा की बड़गांव से लेकर वाया गट्टी फटोह सड़क पर शीघ्र ही टायरिंग का कार्य शुरू करवा दिया जायेगा और इसके साथ धार्मिक स्थल पर हैंडपंप लगाना व गट्टी वासियों की प्रमुख मांग उन्हें ओबीसी के दायरे में लाने की बात को पूर्ण करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रधान विजय कौशल, जिला सचिव रणवीर सिंह, कर्मदेव शास्त्री, गगन सिंह, पंकज सोनी, कुलदीप कुमार, आदि

## युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए समाज का एकजुट होकर कार्य करना आवश्यक-अजय यादव



टीम एक्शन इंडिया
मनीष

**सोलन।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत मादक द्रव्यों के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी के विरुद्ध आज यहां सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास निगम के प्रबंध निदेशक अजय यादव ने की। अजय यादव ने कहा कि नशा आज समाज के लिए एक चुनौती बना हुआ है। युवाओं को नशे से दूर रखने और उनके भविष्य को अंधकार में जाने से रोकने के लिए समाज का एकजुट होकर कार्य करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सरकार और नागरिकों के समन्वय से ही नशा की बढ़ती प्रवृत्ति को रोका जा सकता है। प्रबंध निदेशक ने कहा कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा 17 जून से 26 जून, 2026 तक आयोजित किए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के लिए सभी का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष नशा मुक्त भारत अभियान का विषय 'नशा मुक्त भारत अभियान: विकसित भारत की पहचान' रखा गया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत धरातल तक पहुंचने के लिए अलग-अलग कार्यक्रम और गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को नशे के विरुद्ध जागरूक किया जाएगा। उन्होंने आमजन से इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और जागरूक करने में सहयोग करने की अपील की है। अजय यादव ने इस अवसर पर सभी उपस्थित छात्रों व अन्यों को नशा मुक्त भारत विषय पर शपथ भी दिलाई। उन्होंने इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगितायों के विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किए।

अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं विशेष रुप से सक्षम का सशक्तिकरण (ईसोमसा) के संयुक्त निदेशक सुरेश शर्मा ने कहा कि नशे के विरुद्ध कार्यान्वित किए जा रहे इस अभियान को सफल बनाने के लिए लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करना आवश्यक है।

ज़िला कल्याण अधिकारी सोलन विवेक अरोड़ा ने इससे पूर्व सभी का स्वागत किया और कार्यक्रम की जानकारी दी।

# राजस्व अधिकारी एक साल से अधिक लंबित तकसीम के मामलों को प्राथमिकता में निपटाएं-अपूर्व देवगन

**मंडी।** मंडी जिला में सभी राजस्व अधिकारी अपने कार्यक्षेत्र में एक-साल से अधिक लंबित तकसीम संबंधी मामलों को प्राथमिकता से निपटाना सुनिश्चित करें। उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने डीआरडीए समिति हॉल में मंगलवार को जिला के राजस्व अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह निर्देश दिए। इस बैठक में 16 मार्च से 15 जून, 2026 के दौरान निशान देही, दुरुस्ती, तकसीम आदि विभिन्न राजस्व कार्यों पर बिंदुवार समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कि राजस्व मामलों के समयबद्ध व त्वरित निपटारे को प्रदेश सरकार सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान कर रही है और मुख्यमंत्री के अनुरूप सभी राजस्व अधिकारी इनकी अनुपालना सुनिश्चित करें। उन्होंने तहसील वार राजस्व मामलों के निपटारे की समीक्षा भी की। उन्होंने बताया कि गत तिमाही में जिला में सभी तहसील व उप-तहसील कार्यालयों में तकसीम के 554, निशानदेही के 930 तथा राजस्व दुरुस्ती के 595 मामलों का निपटारा किया गया। इसके अतिरिक्त 6353 राजस्व इंतकाल दर्ज किए गए। उपायुक्त ने संबंधित राजस्व अधिकारियों को लंबित स्वामित्व मैप से संबंधित कार्य को 15 दिन के भीतर पूरा करने को निर्देशित किया है।

# अटल सदन में 18 से 20 जून तक सजेगा 'हिम रंग षष्टी' नाट्य उत्सव



टीम एक्शन इंडिया
श्याम कुल्वी

**कुल्लू।** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय रेपर्टरी कंपनी, भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश, हिमाचल कला संस्कृति एवं भाषा अकादमी तथा गेयटी ड्रामेटिक सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में 18 से 20 जून 2026 तक अटल सदन सभागार में 'हिम रंग षष्टी' नाट्य उत्सव का आयोजन किया जाएगा। तीन दिवसीय यह उत्सव प्रतिदिन शाम 5 बजे से 7 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें रंगमंच प्रेमियों को विभिन्न नाट्य प्रस्तुतियों का आनंद लेने का अवसर मिलेगा। यह जानकारी प्रेस वार्ता के दौरान राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय रेपर्टरी कंपनी दिल्ली के स्टेज मैनेजर अभिषेक मुद्गल ने दी। उन्होंने बताया कि उत्सव के दौरान नाट्य कला और रंगमंच से जुड़े विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें राष्ट्रीय स्तर के कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं का रुझान एक बार फिर रंगमंच की ओर बढ़ रहा है। आधुनिक मनोरंजन के अनेक साधनों के बावजूद युवा वर्ग अब लाइव नाटक देखने में रुचि दिखा रहा है, जो रंगमंच के लिए एक सकारात्मक संकेत है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस तरह के आयोजन युवाओं को कला और संस्कृति से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय रेपर्टरी कंपनी दिल्ली तथा भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों ने उत्सव की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में रंगमंचीय गतिविधियों को प्रोत्साहित करना, स्थानीय कलाकारों को मंच उपलब्ध कराना तथा उन्हें राष्ट्रीय स्तर की कला गतिविधियों से जोड़ना है। इस अवसर पर बिहारी लाल शर्मा उप निदेशक निष्पादन एवं ललित कला,अनिल हारटा सहायक निदेशक निष्पादन एवं ललित कला,जिला कुल्लू भाषा अधिकारी प्रोमिला गुलेरिया भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं आयोजकों ने मीडिया प्रतिनिधियों, कला प्रेमियों और आम जनता से नाट्य उत्सव में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। 18 जून गुरुवार को माई रि मैं कासे कहूँ नाटक का मंचन होगा। जबकि 19 जून को बाबूजी और 20 को ताजमहल का टेंडर नाटक का मंचन होगा। समय सायं 5 बजे से लेकर 7 बजे तक का रहेगा और सभी नाटकों का मंचन अटल सदन कुल्लू में होगा।

# हिमाचल की सबसे छोटी नप श्री नयना देवी जी में दीपक अध्यक्ष और नीना बनी उपाध्यक्षा



टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर**, मंगलवार को श्री नयना देवी मंदिर न्यास के मातृ अंचल यात्री निवास में एसडीएम धर्मपाल की अध्यक्षता में नगर परिषद के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें भाजपा समर्थित पांच पार्षदों ने भाग लिया जबकि कांग्रेस द्वारा समर्थित दोनों पार्षद नदारद रहे। भाजपा समर्थित पार्षद अलकेंद्र भूषण, आरती और दीक्षा इस महत्वपूर्ण बैठक में मौजूद रहे। एसडीएम धर्मपाल ने बताया कि चुनावी प्रक्रिया में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए एक.एक ही नामांकन दर्ज हुआ। इसलिए वार्ड नंबर 1 से विजेता प्रत्याशी दीपक शर्मा को अध्यक्ष ओर वार्ड नंबर 6 से विजेता प्रत्याशी नीना शर्मा को उपाध्यक्ष चुना गया। इस मौके पर विधायक रणधीर शर्मा की मौजूद रहे । उन्होंने नगर परिषद के निर्वाचित अध्यक्ष दीपक शर्मा और उपाध्यक्ष नीना शर्मा को हार पहनाकर स्वागत किया।

इस मौके पर रणधीर शर्मा ने कहा कि भाजपा ने श्री नयना देवी जी नगर परिषद पर अपना परचम लहराया है। उन्होंने चुने गए अध्यक्ष दीपक शर्मा और उपाध्यक्ष नीना शर्मा और सभी पार्षदों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक प्रक्रिया में विश्वास नहीं रखती, इसलिए ही कांग्रेस समर्थित दो पार्षदों ने इसमें भाग नहीं लिया। उन्होंने विश्वास प्रकट किया

# प्रियांशिका भारद्वाज ने एनआईटी हमीरपुर में पाई जगह, बढ़ाया इलाके का मान



टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर**, एनआईटी हमीरपुर में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग में चयनित हुई रौड़ा स्कूल की छात्रा प्रियांशिका भारद्वाज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रौड़ा बिलासपुर की नॉन मैडिकल की छात्रा प्रियांशिका भारद्वाज का चयन एनआईटी हमीरपुर में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग में हुआ है। विद्यालय प्रशासन ने प्रियांशी की इस उपलब्धि के उन्हें सम्मानित किया। प्रधानाचार्या प्रिया पोसवाल ने बताया कि प्रियांशिका ने यह उपलब्धि अपने पहले ही हासिल कर ली है। उन्होंने कहा यह उनकी मेहनतए लगन व निरंतर अध्ययन का परिणाम है। प्रियांशिका की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के भी प्रेरणास्त्रोत है। प्रियांशिका के पिता देशराज अधीक्षक के पद पर कार्यरत हैं व माता सीमा देवी गृहिणी है। प्रियांशिका ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता.पिता व शिक्षकों को दिया है। प्रियांशी ने कहा कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और पूरी ईमानदारी व लगन से मेहनत की जाए तो कोई भी मंजिल मुश्किल नहीं होती। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य राकेश भारद्वाजए प्रवक्ता वंदना, प्रवक्ता दिव्या चंदेल, प्रवक्ता सुनीता गुप्ता, प्रियंका चंदेल, प्रवक्ता अंबिका, प्रवक्ता सोनिका शर्मा, वरिष्ठ प्रधायापक मनदीप शर्मा व डा. राजेश चंदेल उपस्थित रहे।

# शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 19 जून को बगैन, 20 को मंटोल के प्रवास पर

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 19 और 20 जून, 2026 को जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे तथा इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शिक्षा मंत्री 19 जून को प्रातः 11:00 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बगैन पहुंचेंगे और विद्यालय के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करेंगे। इसके अतिरिक्त वह राजकीय प्राथमिक विद्यालय बगैन के नवनिर्मित कक्षों का भी उदघाटन करेंगे।

इसी प्रकार, 20 जून को शिक्षा मंत्री दोपहर 1:00 बजे मंढोल पहुंचेंगे और युवा मंडल मंढोल द्वारा आयोजित मंढोल क्रिकेट प्रीमियर लीग-4 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

# राजस्व, मंत्री ने बौद्ध मंदिर मैदान नाको में आयोजित सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में की शिरकत

**निर्देश**

**लोगों की समस्याओं को सुनकर त्वरित अधिकारियों को समाधान निकालने के दिए निर्देश**



टीम एक्शन इंडिया

**किन्नौर।** राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज 43 लाख रुपये की लागत से निर्मित कला मंच नाको का उद्घाटन किया और साहसिक गतिविधियों का नाको क्षेत्र में शिलान्यास किया ताकि इन गतिविधियों से हंगरंग घाटी में पर्यटन कारोबार को पंख लगेंगे तथा स्थानीय युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। इसके पश्चात जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने बौद्ध मंदिर मैदान नाको में किन्नौर जिला की हंगरंग घाटी की ग्राम पंचायत हांगो, नमज्ञा, चुलिंग, शलखर, सुमरा, चागों, लियो, मालिंग तथा नाको के लिए आयोजित प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रदेश सहित जनजातीय जिला किन्नौर के समस्त लोगों को उनके घर-द्वार पर सरकार की विभिन्न जन-कल्याणकारी नीतियों व योजनाओं से लाभान्वित करना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित कर जिला के लोगों को सरल, सुगम व सुव्यवस्थित सुविधाएं प्रदान करने का अतुलनीय उद्धारण है 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम। राजस्व मंत्री बताया कि सूचना का अधिकार अधिनियम-2005, वन अधिकार अधिनियम-2006, मनरेगा अधिनियम-2005 निर्धन व उपेक्षित वर्गों के सरंक्षण व उत्थान में लिए गए ऐतिहासिक निर्णय हैं जो कांग्रेस सरकार की गरीबों के लिए प्रतिबद्धता को दर्शाता है। तथा नौतोड अधिनियम-1968 जिससे हिमाचल प्रदेश में उपेक्षित एवं भूमिहीनों को जमीन का मालिकाना हक मिला है जो कि प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री स्वर्गीय यशवंत सिंह परमार की देन है। बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू जनजातीय क्षेत्रों के विकास लिए निरन्तर कार्य कर रहें है ताकि दुरदराज के क्षेत्रों के लोग मुख्यधारा में शामिल हो सकें। उन्होंने बताया कि साहसिक गतिविधियों को हागरंग घाटी में बढ़ावा

## संपादकीय

# जीरो टॉलरेंस नीति अन्य क्षेत्रों में भी लागू करे उत्तर प्रदेश सरकार

उत्तर प्रदेश में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध अपनाई गई जीरो टॉलरेंस नीति तथा बुलडोजर कार्रवाई ने पिछले कुछ वर्षों में न केवल देश बल्कि विश्व स्तर पर भी ध्यान आकर्षित किया है। इस मॉडल की चर्चा व्यापक रूप से हुई है और कई राज्यों ने इससे प्रेरणा लेकर अपने यहां भी इसी प्रकार की कार्यवाही शुरू की है। आम जनता का एक बड़ा वर्ग भी इस नीति की सराहना करता है। किंतु प्रश्न यह है कि क्या जनता के हितों की रक्षा का दायरा केवल अपराध नियंत्रण तक सीमित होना चाहिए? किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकार जनता के लिए और जनता के माध्यम से संचालित होती है। इसलिए जनहित का मूल्यांकन केवल एक क्षेत्र में प्राप्त सफलता के आधार पर नहीं किया जा सकता। यदि जीरो टॉलरेंस नीति अपराध नियंत्रण में प्रभावी सिद्ध हुई है, तो इसका विस्तार उन अन्य क्षेत्रों तक भी होना चाहिए जो प्रत्यक्ष रूप से आम नागरिकों के जीवन को प्रभावित करते हैं।

आज भ्रष्टाचार प्रदेश के लिए कैंसर जैसी समस्या बन चुका है। आम जनता से जुड़े अनेक विभागों और सेवाओं में खुलेआम अनियमितताओं तथा आर्थिक शोषण की शिकायतें सामने आती रहती हैं। समाचार पत्रों और अन्य माध्यमों में आए दिन ऐसी खबरें प्रकाशित होती हैं, जो व्यवस्था की कमजोरियों को उजागर करती हैं। ऐसे में भ्रष्टाचार के विरुद्ध भी उसी कठोरता और दृढ़ता की आवश्यकता है, जो अपराध नियंत्रण में दिखाई गई है।

शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे बुनियादी क्षेत्र धीरे-धीरे निजी क्षेत्र के प्रभाव में आते जा रहे हैं। सरकारी संस्थान मौजूद तो हैं, लेकिन कई मामलों में वे भी निजी संस्थानों की कार्यशैली का अनुसरण करते दिखाई देते हैं। प्रश्न यह है कि क्या आज एक सामान्य नागरिक आकस्मिक चिकित्सा आवश्यकता पड़ने पर आसानी से आईसीयू बेड प्राप्त कर सकता है? वेंटिलेटर जैसी उन्नत सुविधाओं की बात तो दूर, विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के कारण आज भी बड़ी संख्या में मरीज प्रदेश के कुछ चुनिंदा चिकित्सा संस्थानों पर निर्भर रहने को मजबूर हैं। क्या सरकार निजी क्षेत्र के लिए ऐसे मानक और बाध्यताएं निर्धारित कर पाएगी, जो आम नागरिक के हितों की रक्षा सुनिश्चित करें?

रोजगार के क्षेत्र में भी स्थिति चिंताजनक है। सरकारी विभागों में स्थायी नियुक्तियों के स्थान पर ठेका प्रणाली को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। इसका परिणाम यह हुआ है कि कर्मचारियों में असुरक्षा और असंतोष बढ़ा है। मानसिक दबाव, सामाजिक विषमता और भविष्य को लेकर अनिश्चितता जैसी समस्याएं भी इससे उत्पन्न हो रही हैं। कुछ वर्ष पूर्व सरकार द्वारा प्रत्येक परिवार के एक सदस्य को रोजगार उपलब्ध कराने जैसी बातें कही गई थीं, किंतु उनका प्रभावी क्रियान्वयन आज तक दिखाई नहीं देता। अफसरशाही भी आम जनता की प्रमुख चिंताओं में से एक बनती जा रही है। शिकायतों के निस्तारण की व्यवस्था होने के बावजूद अनेक मामलों में केवल औपचारिकता पूरी की जाती है।

# हल्दी घाटी का युद्ध और राष्ट्र चेतना



डॉ रामेश्वर मिश्र

> "आत्मगौरव और स्वाभिमान राष्ट्र निर्माण के आधारभूत तत्व हैं, और हल्दीघाटी का युद्ध इन मूल्यों का सशक्त प्रतीक है। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान हल्दीघाटी के युद्ध और महाराणा प्रताप के जीवन को नए संदर्भ में देखा गया। उन्नीसवीं और बीसवीं शताब्दी में जब भारत अंग्रेजी शासन के विरुद्ध संघर्ष कर रहा था, तब अनेक लेखकों, कवियों और राष्ट्रवादियों ने महाराणा प्रताप को स्वतंत्रता के अग्रदूत के रूप में प्रस्तुत किया। उनकी गाथाएँ जनसभाओं में सुनाई जाती थीं, विद्यालयों में पढ़ाई जाती थीं और साहित्य में उनका महिमामंडन किया जाता था"

हल्दीघाटी का युद्ध भारतीय इतिहास की उन घटनाओं में से एक है जिसने केवल अपने समय की राजनीति को ही प्रभावित नहीं किया, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की चेतना, सांस्कृतिक स्मृति और राष्ट्रीय भावना को भी गहराई से प्रभावित किया। यह युद्ध 18 जून 1576 को मेवाड़ के वीर शासक महाराणा प्रताप और मुगल सम्राट अकबर की ओर से भेजी गई सेना, जिसका नेतृत्व राजा मानसिंह कर रहे थे, के बीच लड़ा गया था। यद्यपि यह युद्ध तत्कालीन राजनीतिक परिस्थितियों का परिणाम था, किंतु समय के साथ इसका महत्व केवल एक सैन्य संघर्ष तक सीमित नहीं रहा। यह स्वाभिमान, स्वतंत्रता, आत्मगौरव, त्याग, संघर्ष और राष्ट्र चेतना का प्रतीक बन गया। भारतीय जनमानस में हल्दीघाटी का युद्ध उस भावना का प्रतिनिधित्व करता है जिसमें राष्ट्र और मातृभूमि के सम्मान के लिए सर्वस्व समर्पित करने की प्रेरणा निहित है। राष्ट्र चेतना का अर्थ केवल राजनीतिक राष्ट्रवाद नहीं है। यह उस भावनात्मक, सांस्कृतिक और नैतिक बोध का नाम है जिसके माध्यम से व्यक्ति स्वयं को अपने समाज, अपनी संस्कृति, अपनी परंपराओं और अपने राष्ट्र से जोड़ता है। जब कोई समुदाय अपने सामूहिक अस्तित्व, स्वतंत्रता और अस्मिता के प्रति सजग होता है, तब राष्ट्र चेतना का विकास होता है। हल्दीघाटी का युद्ध इसी चेतना के विकास की एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक घटना के रूप में देखा जाता है। महाराणा प्रताप का संघर्ष इस बात का प्रतीक था कि राष्ट्र या मातृभूमि का सम्मान किसी भी व्यक्तिगत लाभ, राजनीतिक समझौते या भौतिक सुविधा से अधिक महत्वपूर्ण है। महाराणा प्रताप का जीवन राष्ट्र चेतना का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करता है। उस समय भारत में आधुनिक राष्ट्रवाद की अवधारणा विकसित नहीं हुई थी, किंतु मातृभूमि, स्वतंत्रता और स्वाभिमान की भावना अत्यंत प्रबल थी। महाराणा प्रताप ने मेवाड़ की स्वतंत्रता को सर्वोच्च मूल्य माना। उन्होंने सत्ता, वैभव और व्यक्तिगत सुविधा की अपेक्षा संघर्षपूर्ण जीवन को स्वीकार किया। उनके सामने मुगल साम्राज्य की विशाल शक्ति थी, किंतु उन्होंने अधीनता स्वीकार नहीं की। यह निर्णय केवल राजनीतिक नहीं था, बल्कि आत्मसम्मान और स्वतंत्रता के प्रति गहरी प्रतिबद्धता का परिचायक था। हल्दीघाटी का युद्ध राष्ट्र चेतना की दृष्टि से इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें संघर्ष का मूल आधार स्वाधीनता की रक्षा था। इतिहास में अनेक युद्ध सत्ता विस्तार के लिए लड़े गए हैं, किंतु हल्दीघाटी का युद्ध उस संघर्ष का प्रतीक बन गया जिसमें एक शासक ने अपनी भूमि और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए शक्तिशाली साम्राज्य का सामना किया। यही कारण है कि भारतीय जनमानस में महाराणा प्रताप केवल एक राजा नहीं, बल्कि स्वतंत्रता और स्वाभिमान के प्रतीक के रूप में प्रतिष्ठित हुए। इस युद्ध की स्मृति ने सदियों तक लोगों के मन में स्वतंत्रता के महत्व को जीवित रखा। राजस्थानी लोकगीतों, चारण साहित्य, वीरगाथाओं और जनश्रुतियों में महाराणा प्रताप के संघर्ष का वर्णन किया जाता रहा। इन लोक कथाओं ने केवल इतिहास को संरक्षित नहीं किया, बल्कि राष्ट्र चेतना को भी पोषित किया। जब किसी समाज के नायक उसके आदर्शों का प्रतिनिधित्व करते हैं, तब उनकी गाथाएँ आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देती हैं। महाराणा प्रताप और हल्दीघाटी का युद्ध इसी प्रकार भारतीय सांस्कृतिक स्मृति का अभिन्न अंग बन गए।

हल्दीघाटी का युद्ध हमें यह भी सिखाता है कि राष्ट्र चेतना केवल विजय प्राप्त करने से नहीं बनती, बल्कि संघर्ष करने की क्षमता और आदर्शों के प्रति निष्ठा से निर्मित होती है। यद्यपि युद्ध के तत्काल परिणामों को लेकर इतिहासकारों में मतभेद हैं, किंतु इसमें कोई संदेह नहीं कि महाराणा प्रताप का संघर्ष समाप्त नहीं हुआ। उन्होंने युद्ध के बाद भी अपने प्रयास जारी रखे और मेवाड़ के बड़े हिस्से पर पुनः अधिकार स्थापित किया। यह निरंतर संघर्ष राष्ट्र चेतना का ही स्वरूप था, जिसमें स्वतंत्रता को बनाए रखने के लिए कठिन से कठिन परिस्थितियों का सामना किया गया। राष्ट्र चेतना का एक महत्वपूर्ण तत्व आत्मगौरव है। महाराणा प्रताप के जीवन और हल्दीघाटी के युद्ध ने भारतीय समाज में आत्मगौरव की भावना को सुदृढ़ किया। उन्होंने यह सिद्ध किया कि सीमित संसाधनों के बावजूद यदि संकल्प दृढ़ हो तो किसी भी चुनौती का सामना किया जा सकता है। यह संदेश केवल उनके समय के लिए नहीं था, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बना। आत्मगौरव और स्वाभिमान राष्ट्र निर्माण के आधारभूत तत्व हैं, और हल्दीघाटी का युद्ध इन मूल्यों का सशक्त प्रतीक है। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान हल्दीघाटी के युद्ध और महाराणा प्रताप के जीवन को नए संदर्भ में देखा गया। उन्नीसवीं और बीसवीं शताब्दी में जब भारत अंग्रेजी शासन के विरुद्ध संघर्ष कर रहा था, तब अनेक लेखकों, कवियों और राष्ट्रवादियों ने महाराणा प्रताप को स्वतंत्रता के अग्रदूत के रूप में प्रस्तुत किया। उनकी गाथाएँ जनसभाओं में सुनाई जाती थीं, विद्यालयों में पढ़ाई जाती थीं और साहित्य में उनका महिमामंडन किया जाता था। इससे स्वतंत्रता सेनानियों और सामान्य जनता में राष्ट्र प्रेम तथा संघर्ष की भावना को बल मिला। राष्ट्र चेतना का विकास केवल राजनीतिक आंदोलनों से नहीं होता, बल्कि सांस्कृतिक स्मृतियों से भी होता है। हल्दीघाटी का युद्ध भारतीय संस्कृति में वीरता, त्याग और निष्ठा का प्रतीक बन गया। राजस्थानी लोक साहित्य में चेतक की निष्ठा, भीलों की सहभागिता और योद्धाओं के बलिदान का वर्णन राष्ट्र चेतना को भावनात्मक आधार प्रदान करता है। जब लोग इन कथाओं को सुनते हैं, तो उनमें अपने इतिहास और परंपराओं के प्रति गर्व की भावना उत्पन्न होती है। हल्दीघाटी के युद्ध का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह भी है कि इसमें विभिन्न समुदायों की सहभागिता दिखाई देती है। महाराणा प्रताप की सेना में राजपूतों के साथ-साथ भील और अफगान योद्धा भी सम्मिलित थे। विशेष रूप से हकीम खान सूर का योगदान उल्लेखनीय है। यह तथ्य राष्ट्र चेतना के व्यापक स्वरूप को दशार्ता है। राष्ट्र निर्माण केवल एक जाति, वर्ग या समुदाय के प्रयासों से नहीं होता, बल्कि विभिन्न समूहों की साझी भागीदारी से संभव होता है। हल्दीघाटी का युद्ध इस एकता और सहभागिता का भी प्रतीक है। राष्ट्र चेतना का संबंध त्याग से भी है। महाराणा प्रताप ने अपने जीवन में अनेक कठिनाइयाँ झेलीं। उन्होंने जंगलों में जीवन बिताया, आर्थिक संकटों का सामना किया और अपने परिवार सहित अनेक कष्ट सहे, किंतु स्वतंत्रता के आदर्श से समझौता नहीं किया। उनका यह त्याग राष्ट्र चेतना की उस भावना को व्यक्त करता है जिसमें व्यक्तिगत सुख-सुविधाओं की अपेक्षा सामूहिक हित को प्राथमिकता दी जाती है। यही कारण है कि उनका जीवन भारतीय युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बना हुआ है। हल्दीघाटी का युद्ध यह भी बताता है कि राष्ट्र चेतना केवल युद्धक्षेत्र में नहीं, बल्कि दैनिक जीवन में भी अभिव्यक्त होती है। महाराणा प्रताप ने अपने संघर्ष के दौरान आत्मनिर्भरता, परिश्रम और संगठन की भावना को महत्व दिया।

उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी अपने लोगों का मनोबल बनाए रखा। राष्ट्र चेतना का वास्तविक अर्थ भी यही है कि व्यक्ति अपने समाज और राष्ट्र के हितों के प्रति सजग रहे तथा उनके विकास के लिए योगदान दे। शिक्षा के क्षेत्र में भी हल्दीघाटी का युद्ध राष्ट्र चेतना के विकास का माध्यम रहा है।





## नई दिल्ली कार्यालय
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

## उत्तरी दिल्ली कार्यालय
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

## चंडीगढ़ कार्यालय
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

## पंजाब कार्यालय
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

## करनाल कार्यालय
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

## सोनीपत कार्यालय
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

## शिमला कार्यालय
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

## ऊना कार्यालय
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

## देहरादून कार्यालय
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून


# दोहरा चरित्र ही समाजवादी पार्टी की असली पहचान

**संजय सक्सेना**

**राजनीति में** दोहरे मापदंड कोई नई बात नहीं है, लेकिन समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पिछले कुछ हफ्तों में जो तस्वीर पेश की है, वह किसी भी संवेदनशील नागरिक को सोचने पर मजबूर कर देती है। एक तरफ अयोध्या के राम मंदिर में चंदे की चोरी का मामला उठाकर वे हिंदू समाज और सनातन धर्म को कटघरे में खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ गाजियाबाद के खोड़ा में 17 साल के सूर्या चौहान की निर्मम हत्या पर उनके होंठ सिले हुए हैं। यह महज संयोग नहीं, यह सोची-समझी सियासत है। मुरादाबाद में अपने सांसद जावेद अली के उस बयान पर कुछ नहीं बोलते हैं, जिसमें वह बहुसंख्यक समाज को जहरीला बताता है। मुस्लिम युवाओं से हिंदू दोस्तों को कन्वर्ट करने की बात खुलेआम कहता है। हिंदुओं को बांटने के लिए ब्राह्मण नेताओं का सम्मेलन कराते हैं। दरअसल, सात जून को अखिलेश यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके राम मंदिर के दानपात्र में करोड़ों रुपये की हेराफेरी का आरोप लगाया। बात यहीं नहीं रुकी। आगरा में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने पुजारियों की जांच को सनातन का अपमान बताया। अब सवाल यह है कि जब वही पुजारी या मंदिर परिसर के कर्मचारी चोरी के आरोपी हों तो जांच क्यों न हो? लेकिन अखिलेश की राजनीतिक फितरत यह है कि किसी एक घटना को पूरे हिंदू समाज के माथे पर चिपका दो और फिर सियासी रोटी सेंको। दानपात्र से चोरी करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया गया, उत्तर प्रदेश सरकार ने एसआईटी भी बना दी, लेकिन अखिलेश को यह कार्रवाई नहीं दिखी क्योंकि दिखती तो उनका नैरेटिव ही ध्वस्त हो जाता। इसी बीच मुरादाबाद में सपा के राज्यसभा सांसद जावेद अली खान ने पीडीए सम्मेलन में जो कहा, वह पूरे प्रदेश की राजनीति को एक बार फिर झकझोर गया। उन्होंने सार्वजनिक मंच से कहा कि देश का बहुसंख्यक हिंदू समाज जहरीला हो गया है। फिर उन्होंने मुस्लिम कार्यकताओं को नसीहत दी कि हर मुसलमान कम से कम चार ऐसे हिंदू दोस्त बनाए, जिन पर हिंदू समाज खुद भरोसा करता हो, ताकि उनके जरिए बीजेपी को सत्ता से बाहर किया जा सके। यानी हिंदुओं को ही हिंदुओं के खिलाफ इस्तेमाल करने की खुलेआम रणनीति। यह बयान जितना विवादित है, उतना ही खतरनाक भी। लेकिन अखिलेश यादव? उन्होंने इस बयान पर एक शब्द नहीं बोला। न निंदा, न खंडन, न स्पष्टीकरण। यही उनकी राजनीति का असली चेहरा है। पार्टी के मुस्लिम नेता जो चाहें बोलें, अखिलेश की तरफ से पूरी तरह मौन समर्थन मिलता रहेगा। यही वह दोमुंही सियासत है, जो दशकों से यूपी की राजनीति में जहर घोलती आ रही है। अब जरा खोड़ा की उस गली पर भी नजर डालिए, जहां 28 मई को बकरीद के दिन 11वीं के छात्र सूर्या चौहान को उसके दोस्त असद और उसके साथियों ने चाकू से गोद दिया।

## विचार

# सिकल सेल बीमारी; जागरूकता, संवेदना और स्वास्थ्य न्याय की पुकार

- सुरेश सिंह बैस

प्रति वर्ष 19 जून को मनाया जाने वाला विश्व सिकल सेल दिवस केवल एक स्वास्थ्य दिवस नहीं, बल्कि उन लाखों लोगों के दर्द, संघर्ष और जीवन संघर्ष को समझने का अवसर है जो सिकल सेल जैसी गंभीर अनुवांशिक बीमारी से जूझ रहे हैं। यह दिवस समाज और सरकारों को यह याद दिलाता है कि स्वास्थ्य केवल उपचार का विषय नहीं, बल्कि जागरूकता, समानता और संवेदनशीलता का भी प्रश्न है। सिकल सेल एनीमिया एक अनुवांशिक रक्त विकार है, जिसमें लाल रक्त कणिकाएँ सामान्य गोल आकार के बजाय हंसिए (सिकल) जैसी आकृति धारण कर लेती हैं। परिणामस्वरूप शरीर में ऑक्सीजन का प्रवाह प्रभावित होता है और रोगी को अत्यधिक दर्द, कमजोरी, थकान, सांस लेने में कठिनाई तथा अनेक शारीरिक जटिलताओं का सामना करना पड़ता है। यह बीमारी जन्म से ही व्यक्ति के साथ जुड़ जाती है और कई बार पूरी जिंदगी उसे शारीरिक तथा मानसिक पीड़ा देती रहती है। भारत में यह बीमारी विशेष रूप से आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों में गंभीर रूप से पाई जाती है। छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, झारखंड और गुजरात जैसे राज्यों में सिकल सेल के मरीजों की संख्या लगातार चिंता का विषय बनी हुई है। विडंबना यह है कि जिन समुदायों में यह बीमारी अधिक है, वहीं स्वास्थ्य सुविधाएँ सबसे कमजोर हैं। दूरस्थ वनांचलों में रहने वाले अनेक लोग आज भी समय पर जांच, उचित उपचार और परामर्श से वंचित हैं। सिकल सेल केवल शरीर को नहीं, बल्कि पूरे परिवार को प्रभावित करती है। रोगी लगातार दर्द और कमजोरी से जूझता है, जिससे उसकी शिक्षा, रोजगार और सामाजिक जीवन प्रभावित होता है। कई बार समाज में जागरूकता के अभाव में मरीजों को उपेक्षा और भेदभाव का सामना भी करना पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी लोग इसे अभिशाप या सामान्य कमजोरी समझकर नजरअंदाज कर देते हैं, जबकि समय पर जांच और उपचार से इसके प्रभाव को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। यह बीमारी हमें स्वास्थ्य व्यवस्था की असमानता पर भी सोचने को विवश करती है। महानगरों में आधुनिक चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध हैं, लेकिन दूरस्थ क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक पर्याप्त संसाधनों से वंचित हैं। अनेक मरीज नियमित दवा, रक्त जांच और चिकित्सकीय सलाह के अभाव में गंभीर स्थिति तक पहुँच जाते हैं। इसलिए सिकल सेल के खिलाफ लड़ाई केवल चिकित्सा की नहीं, बल्कि स्वास्थ्य न्याय की भी लड़ाई है। सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर सिकल सेल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है, जो एक सकारात्मक पहल है। विद्यालयों, महाविद्यालयों और ग्रामीण क्षेत्रों में स्क्रीनिंग अभियान, रक्त परीक्षण और जनजागरूकता कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक हैं। विवाह पूर्व जांच और आनुवांशिक परामर्श से आने वाली पीढ़ियों को इस बीमारी से बचाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए जा सकते हैं। लेकिन केवल सरकारी योजनाएँ पर्याप्त नहीं होंगी। समाज को भी अपनी संवेदनशील भूमिका निभानी होगी। सिकल सेल रोगियों को दया नहीं, बल्कि सम्मान और सहयोग की आवश्यकता है। उन्हें सामान्य जीवन जीने के अवसर मिलें, शिक्षा और रोजगार में सहूलियत मिले तथा समाज उनके दर्द को समझे... यही वास्तविक मानवीयता होगी। आज आवश्यकता इस बात की है कि स्वास्थ्य को केवल अस्पतालों तक सीमित न रखा जाए, बल्कि इसे सामाजिक चेतना का हिस्सा बनाया जाए। पोषण, स्वच्छता, समय पर जांच और जागरूकता ही इस बीमारी से लड़ने के सबसे प्रभावी हथियार हैं। विश्व सिकल सेल दिवस हमें यह संदेश देता है कि किसी भी सभ्य समाज की पहचान उसकी संवेदनशीलता से होती है। यदि हम पीड़ितों के दर्द को समझते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का संकल्प लें, तो निश्चित ही लाखों लोगों का जीवन बेहतर बनाया जा सकता है। क्योंकि स्वस्थ समाज ही सशक्त राष्ट्र की वास्तविक नींव होता है।

**रगों में दर्द लिए भी मुस्कुराता है कोई,**
**हर धड़कन के साथ चुपचाप टूट जाता है कोई।**
**सिकल सेल केवल बीमारी नहीं, जीवन की अग्निपरीक्षा है,**
**फिर भी उम्मीद के सहारे हर दिन जी जाता है कोई।।**


# एक्शन इंडिया दैनिक

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रवि भारद्वाज द्वारा एक्शन इंडिया कार्यालय, कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश–174303 से प्रकाशित एवं अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर–29डी, चंडीगढ़ से मुद्रित।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी

समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)

स्थानीय संपादक : पंकज शर्मा ( 9418026789)

ई–मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला– 171001

एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश–174303



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच–पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## आलेख

# बच्चों का डिजिटल बचपन बचाने की एक सार्थक पहल*

**पवन वर्मा**

**पत्रकारिता के** दौरान आईपीएस अफसर डॉ. शैलेन्द्र श्रीवास्तव को अनेक अवसरों पर उन्हें नजदीक से देखने और समझने का अवसर मिला। करीब 25 वर्षो के लंबे समय में मैंने उनके व्यक्तित्व की एक विशेषता हमेशा देखी है। वे जिस भी काम को हाथ में लेते हैं, उसमें अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करते हैं। पुलिस सेवा के दौरान भी उनकी सोच केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं रही। आमजन की बेहतरी के लिए कुछ सार्थक करने की ललक उनके भीतर हमेशा दिखाई देती थी। अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करना, समाज को सतर्क बनाना और संभावित खतरों के बारे में पहले से चेताना उनके स्वभाव का हिस्सा रहा है।

पुलिस की नौकरी में अधिकांश अधिकारी अपराध होने के बाद कार्रवाई करते हैं, लेकिन डॉ. श्रीवास्तव पुलिस अधीक्षक से लेकर पुलिस महानिदेशक रहने तक हमेशा अपराध की रोकथाम के लिए जन-जागरूकता को भी उतना ही महत्वपूर्ण मानते रहे। यही कारण है कि सेवा के दौरान वे लगातार लोगों को जागरूक करने के प्रयास करते रहे। सेवानिवृत्ति के बाद भी यह सिलसिला थमा नहीं।

आज भी वे लेखन, व्याख्यानों और संवाद के माध्यम से समाज को जागरूक करने का काम कर रहे हैं। बच्चों की डिजिटल सुरक्षा जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर लिखी गई उनकी नई पुस्तक उसी सामाजिक सरोकार और जागरूकता अभियान का विस्तार प्रतीत होती है। यह पुस्तक ऐसे समय में सामने आई है जब बच्चों का बचपन तेजी से बदल रहा है। कुछ दशक पहले तक बच्चे स्कूल, खेल के मैदान, किताबों और परिवार के बीच अपना संसार बनाते थे। आज उनका एक बड़ा संसार मोबाइल फोन की स्क्रीन के भीतर बसता है। इंटरनेट, सोशल मीडिया, ऑनलाइन गेम्स, वीडियो प्लेटफॉर्म और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित तकनीकें उनके जीवन का हिस्सा बन चुकी हैं। यह दुनिया अवसरों से भरी हुई है, लेकिन इसके साथ ऐसे खतरे भी मौजूद हैं जिनकी गंभीरता को अक्सर अभिभावक और बच्चे पूरी तरह समझ नहीं पाते। यही इस पुस्तक की सबसे बड़ी प्रासंगिकता है।

# केदारनाथ धाम की मयार्दा को खतरे में डालती बढ़ती भीड़ ौर रील

दीपक नौंगाई 'अकेला

लगभग तेईस हजार फीट की ऊंचाई पर एक तरफ बर्फ से ढकी चोटियां साफ दिखाई देती हैं, तो दूसरी ओर अनावृत पठारी शिखर श्रेणियां छाती तान खड़ी रहती है। हिमशिखरों से समय-समय पर हिमनद का हिस्सा टूटता रहता है। काले कबरे पहाड़ों से पत्थर गिरते हैं। इस बीच नागिन की तरह बलखाती पगडंडी पर होता है, एक आम आदमी। मंदाकिनी के तट पर पवित्र केदारनाथ धाम के मार्ग का कोई यात्री यही वर्णन कर सकता है । लेकिन केदारनाथ की यात्रा अब पहले जैसी नहीं रही । पहले इस यात्रा में केवल बड़े बुजुर्ग लोग ही जाया करते थे और तब जब कोई बुजुर्ग चार धाम की यात्रा पर निकलता था, तो सारा गांव मिलकर उसे उन्हें विदा करता था। लोग उनसे आशीर्वाद लेते थे। गांव के सभी लोग अपने घरों से भेंट (रुपए पैसे) उन्हें देते और कहते थे कि लौट के आओ तो उन्हें मंदिर का प्रसाद अवश्य दें। तब यात्रा श्रद्धा , विश्वास और मयार्दा से जुड़ी थी। यात्रा के दौरान यात्री इस बात का ध्यान रखते थे कि उनसे कोई भूल न हो, कोई अपराध न हो, लेकिन आज अधिकतर यात्रियों में न श्रद्धा है और न ही विश्वास । यदि श्रद्धा होती तो शिव के धाम को रील बनाने और नाचने की जगह न बनाते । यदि विश्वास होता तो जानते कि हर तीर्थ स्थल की कुछ अपनी मयार्दाएं होती हैं, जिनका स्वतः पालन करना जरूरी है। आज से ढाई तीन दशक पहले तक हिंदू जनमानस में बद्री केदार की यात्रा जीवन की अंतिम यात्रा मानी जाती थी । गृहस्थ धर्म निभा लेने के बाद की यह वो यात्रा थी कि मृत्यु भी हो जाए तो मोक्ष की प्राप्ति हो,पर आज जो लोग महज घुम्मकड़ी तथा वीडियो और रील बनाकर अपने लाइक्स और कमेंट्स बढ़ाने के लिए यात्रा कर रहे हैं ,वे उन यात्रियों के लिए भी परेशानी का सबब बनते हैं जो सच में श्रद्धा भाव के साथ दर्शन को निकले हैं ।

पवित्र ज्योतिर्लिंग केदारनाथ जाने वाले सभी यात्रियों को तीर्थाटन और पर्यटन के अंतर को समझना चाहिए। यह कोई पर्यटन स्थल नहीं है और ना ही कोई पिकनिक स्पॉट कि आप वहां ढोल नगाड़ों के साथ पहुंच जाए जोर-जोर से वाद्य यंत्र बजाकर मंदिर परिसर में नृत्य करने लगे या फिर वहां जब चाहे आतिशबाजी करने लगे।

# नीट परीक्षा के निर्विघ्न संचालन के लिए केन्द्र के लगातार संपर्क में है राज्य सरकार: डॉ. मोहन यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व. काटजू की जयंती पर अर्पित की पुष्पांजलि

टीम एक्शन इंडिया

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नीट परीक्षा के निर्विघ्न संचालन के लिए राज्य सरकार लगातार केंद्र सरकार के संपर्क में है। परीक्षा के सुचारु और पारदर्शी आयोजन के लिए सभी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। व्यापक तैयारियों के साथ रोल नंबर वेरिफिकेशन भी सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को विधानसभा परिसर में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कैलाशनाथ काटजू की 139वीं जयंती पर विधानसभा स्थित सेंट्रल हॉल में उन्हें पुष्पांपजि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया से बातचीत करते कहा कि स्व. काटजू का जन्म रतलाम जिले की जावरा तहसील में हुआ था।



उन्होंने वर्ष 1957 से 1962 तक प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में दायित्वों का निर्वाहन किया। इसके बाद केंद्रीय स्तर पर रक्षा, कानून सहित कई मंत्रालय का कामकाज भी संभाला। स्व. काटजू विभिन्न राज्यों के राज्यपाल भी रहे। देश की आजादी से पहले भी उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी के रूप में अपनी क्षमता और योग्यता से स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया। मुख्यमंत्री के रूप में मध्य प्रदेश का नेतृत्व करने के साथ-साथ स्व. काटजू, पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू के प्रमुख सहयोगी भी रहे। स्व. काटजू ने कई स्वशासी संस्थाओं को समृद्ध कर आगे बढ़ाया। प्रदेश के विकास में अपने दूरदर्शी नेतृत्व, उत्कृष्ट प्रशासनिक क्षमता और जनसेवा के प्रति समर्पण से उन्होंने प्रदेश तथा देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

पूर्व मुख्यमंत्री स्व. काटजू के आदर्श, विचार और उनका राष्ट्र सेवा का भाव हमें सदैव जनहित और लोककल्याण के कार्यों के लिए प्रेरित करता रहेगा।

## मप्र विधानसभा के मानसून सत्र में पेश होगा यूसीसी विधेयक : मोहन यादव

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विधानसभा के मानसून सत्र में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का प्रस्ताव लाया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि बाबा महाकाल के आशीर्वाद से यह विधेयक इसी सत्र में पारित हो जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को विधानसभा परिसर में पूर्व मुख्यमंत्री कैलाश नाथ काटजू की जयंती पर आयोजित श्रद्धांजलि समारोह के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि विधानसभा के आगामी सत्र में सरकार कई महत्वपूर्ण और समसामयिक विषयों को लेकर आ रही है। उन्होंने कहा कि देश में एक समान कानून लागू करने की भावना में कुछ भी गलत नहीं है और यह समाज में समानता लाने का प्रयास है। उत्तराखंड, गुजरात और असम जैसे राज्यों में यूसीसी लागू किया जा चुका है। मध्य प्रदेश भी इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। समान नागरिक संहिता को विधानसभा के मानसून सत्र में प्रस्तुत किया जाएगा। इसमें जनजातीय समुदाय अलग रहेगा। कमेटी राय ले रही है। उन्होंने कहा कि भगवान महाकाल ने चाहा तो विधानसभा के इसी सत्र में समान नागरिक संहिता विधेयक पारित होगा।

# योगी ने उत्तर प्रदेश पुलिस के 930 कम्प्यूटर आपरेटरों को दिया नियुक्ति पत्र

**योग्यता**

युवाओं के सपनों को नई उड़ान, उनकी योग्यता को अवसर और परिश्रम को सम्मान दे रहे



टीम एक्शन इंडिया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को उप्र पुलिस के कम्प्यूटर आपरेटरों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। लोक भवन में आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि युवाओं के सपनों को नई उड़ान, उनकी योग्यता को अवसर और परिश्रम को सम्मान देने वाली पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया डबल इंजन सरकार की पहचान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा निष्पक्ष चयन प्रक्रिया के माध्यम से चयनित 930 कंप्यूटर ऑपरेटर (ग्रेड-ए) को नियुक्ति-पत्र प्रदान किए गए। तकनीक और दक्षता से सशक्त ये युवा उत्तर प्रदेश पुलिस को और अधिक आधुनिक, प्रभावी तथा जनोन्मुख बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी के आईपीएस को आईएएस ऐसा फाइलों में दबाते थे कि फाइलें खुलती ही नही थी, यानी यमराज भी आ जाएं तो आईएएस से फाइल खुलवाना कठिन था। हमने सात जनपदों में पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम लागू कर दिया। यह पुलिस रिफॉर्म का पार्ट है। जिनको पुलिस रिफॉर्म की जानकारी नहीं, वो कमिश्नरेट सिस्टम पर अंगुली उठाते हैं। जिनको पुलिसिंग की जानकारी नहीं, वे अंगुली उठाते हैं। ये वो लोग हैं जिनको आम नागरिक की सुविधा व सुरक्षा की चिंता नही है। यूपी पुलिस के जवानों को नसीहत देते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हम लोग अक्सर देखते हैं कि ड्यूटी के दौरान लोग रील बनाते रहते हैं। यह अनुशासनहीनता है। उस समय अपने ड्यूटी के प्रति सजग रहना होगा जिसकी जहां ड्यूटी है, वह कार्य करेगा तो परिणाम अपने आप आएगा। उस परिणाम को लाने के लिए उस टीम भाव के साथ हम सबको आगे बढ़ना होगा। इस मौके पर वित्त एवं

# भाजपा को गोरखपुर में घेरकर चुनाव परिणाम बदलने का है संकल्प: सपा



टीम एक्शन इंडिया

**लखनऊ।** गोरखपुर में इस बार हम लोगों ने चुनाव परिणाम बदलने के लिए संकल्प लिया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को घेर कर जीरो करने का काम हम लोग करेंगे। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में 500 प्राइमरी स्कूल लगभग बंद कर दिये हैं। 1500 लोगों की सरकारी नौकरी सीधे-सीधे मुख्यमंत्री ने छीन ली। यह बातें समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पार्टी की ओर से 'ऑडिट 2' के तहत 'राम नगरी में गोरखधंधा' बुकलेट जारी करते हुए कही। अखिलेश यादव बुधवार को राजधानी लखनऊ में पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। सपा अध्यक्ष ने कहा कि ये पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के लोगों को पढ़ाना नहीं चाहते, जिससे वो

**तैयारी**

मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में 500 प्राइमरी स्कूल लगभग बंद कर दिये हैं

आगे न बढ़ पाए, समाज में सम्मान न पा पाए। जब अपना ही घर नहीं संभाल पा रहे प्रदेश तो बस डग्गामार की तरह चल रहा है। अखिलेश यादव ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर में दान की रकम को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि हम सभी साधु-संतों का सम्मान करते हैं। हमारा धर्म का जो रास्ता है वो सत्य और दूसरों को सम्मान देने का रास्ता है इसीलिए पीडीए में प्रेम, दया, अपनापन भी है। उन्होंने कहा कि जैसा प्रभु राम बताएँगे उस रास्ते हम लोग चलेंगे।

# सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचा: पंकज

टीम एक्शन इंडिया

**वाराणसी।** केन्द्रीय राज्य मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि बीते 12 वर्षों में केंद्र सरकार ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। केन्द्र सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यो का विस्तार से उल्लेख कर पंकज चौधरी ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचा है और देश आज आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है।

दो दिवसीय वाराणसी दौरे के दूसरे



दिन बुधवार को पंकज चौधरी केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा की ओर से बड़ालालपुर स्थित ट्रेड फैसिलिटी सेंटर (टीएफसी) में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर पंकज चौधरी ने सूचना विभाग की ओर से आयोजित पांच दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने गत 12 वर्षों में विकास, सुशासन, सांस्कृतिक गौरव, आधारभूत संरचना, गरीब,

**जनकल्याण**

केंद्र सरकार ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए हैं

युवा, अन्नदाता व नारी कल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां अर्जित की हैं। केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन परिलक्षित हो रहा है। पंकज चौधरी ने कहा कि यह प्रदर्शनी केंद्र व राज्य सरकार की विकास यात्रा और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बनेगी। सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय वाराणसी के सहायक निदेशक सुरेंद्र नाथ पाल ने बताया कि पांच दिवसीय यह प्रदर्शनी 21 जून तक प्रतिदिन प्रातः 9.30 बजे से सायं 6 बजे तक आमजन के अवलोकन हेतु खुली रहेगी। प्रदर्शनी का उद्देश्य नागरिकों को केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों एवं उपलब्धियों की जानकारी उपलब्ध कराना है। सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों के अवसर पर 17 से 21 जून जनकल्याण शिविर, स्वास्थ्य शिविर, प्रबुद्धजन संवाद एवं जनपद स्तरीय स्वदेशी सरस मेला का भी आयोजन बड़ालालपुर स्थित टीएफसी में किया जा रहा है। आयोजित विकास प्रदर्शनी में केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, आधारभूत संरचना विकास, डिजिटल इंडिया, महिला सशक्तिकरण, किसान कल्याण एवं गरीब उत्थान से जुड़े कार्यों को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी का अवलोकन कर उपस्थित लोगों से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सरकार की उपलब्धियों का फीडबैक भी लिया।

# स्वास्थ्य सेवा और जनकल्याण के लिए आपूर्ति श्रृंखला अत्यंत महत्वपूर्ण है

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री प्रफुल्ल पंसेरिया ने कहा कि भारत की आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती देश के आर्थिक विकास के अगले चरण, स्वास्थ्य सुरक्षा, आपातकालीन तैयारियों और जनकल्याण में निर्णायक भूमिका निभाएगी। द लीला, आयोजित इंटरनेशनल प्रोक्योरमेंट एंड सप्लाई चेन कॉन्फ्रेंस 2026 में बोलते हुए मंत्री ने कहा कि आपूर्ति श्रृंखलाएँ अब केवल व्यावसायिक दक्षता तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि वे इस बात का केंद्र बन चुकी हैं कि राष्ट्र किस प्रकार जीवन की रक्षा करते हैं, सार्वजनिक प्रणालियों को सुदृढ़ करते हैं और दीर्घकालिक लचीलापन विकसित करते हैं। ब्लू ओशन कॉरपोरेशन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में दुनिया भर से 500 से अधिक उद्योग विशेषज्ञ शामिल हुए ।उनके संबोधन में भारत के स्वास्थ्य परिणामों को सुदृढ़ करने में फार्मास्यूटिकल आपूर्ति श्रृंखलाओं, कोल्ड–चेन अवसंरचना, मेडिकल लॉजिस्टिक्स और प्रोक्योरमेंट प्रणालियों के बढ़ते महत्व को भी रेखांकित किया गया ।ब्लू ओशन कॉरपोरेशन के बोर्ड सदस्य और पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान सौरव गांगुली ने सभा को संबोधित किया।

# एरीज भारत के स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता के सशक्त प्रतीक: राज्यपाल

**अनुसंधान**

अनुसंधान के क्षेत्र में देश को वैश्विक पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा

टीम एक्शन इंडिया

**नैनीताल।** उत्तराखंड के राज्यपाल सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने बुधवार को नैनीताल जनपद के देवस्थल स्थित आर्यभट्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ ऑब्जर्वेशनल साइंसेज (एरीज) का भ्रमण किया । कहा कि एरीज आधुनिक भारत



की वैज्ञानिक क्षमता, नवाचार और आत्मनिर्भरता का सशक्त प्रतीक है तथा अंतरिक्ष विज्ञान और खगोलीय अनुसंधान के क्षेत्र में देश को वैश्विक पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने विज्ञान को प्रयोगशालाओं तक सीमित न रखकर समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने और विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने पर बल दिया। राज्यपाल ने कहा कि देवस्थल स्थित वेधशाला वैज्ञानिक साधना और ज्ञान सृजन का महत्वपूर्ण केंद्र है। उन्होंने यहां स्थित एशिया की सबसे बड़ी 3.6 मीटर व्यास की देवस्थल ऑप्टिकल टेलीस्कोप को भारत की वैज्ञानिक उपलब्धियों और आत्मविश्वास का प्रतीक बताते हुए तारों के निर्माण, सुपरनोवा, ब्लैक होल व अन्य खगोलीय विषयों पर एरीज के अनुसंधानों की सराहना की। उन्होंने वैज्ञानिकों, शोधकताओं, इंजीनियरों और कर्मियों के योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डाटा विश्लेषण और डिजिटल तकनीक भविष्य के विज्ञान की आधारशिला हैं। उन्होंने देवस्थल वेधशाला को उत्तराखंड में खगोलीय पर्यटन की संभावनाओं को बढ़ावा देने वाला बताया व दूरस्थ क्षेत्रों के छात्रों वेधशाला भ्रमण का अवसर उपलब्ध कराने का आह्वान किया।

# कोई कानून हाथ में न ले, हमलावरों की संपत्ति भी होगी जब्त: मुख्यमंत्री

टीम एक्शन इंडिया

**कोलकाता।** दक्षिण 24 परगना के फलता में हुई हिंसक घटना को लेकर मुख्यमंत्री एवं पुलिस मंत्री शुभेंदु अधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि पुलिस, सरकारी कर्मचारियों और अर्धसैनिक बलों पर हमला करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। बुधवार को फलता में आयोजित एक जनसभा से उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिया कि घटना में शामिल सभी लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन लोगों की पहचान वीडियो फुटेज में हुई है, उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की राष्ट्रविरोधी गतिविधियों से



संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया जाए। उन्होंने जिला पुलिस अधीक्षक को निर्देश देते हुए कहा कि ऐसी कार्रवाई की जाए जिससे भविष्य में कोई भी पुलिस, सरकारी कर्मचारी या अर्धसैनिक बलों पर हमला करने का साहस न कर सके। उन्होंने कहा कि केवल जेल भेजना ही पर्याप्त नहीं होगा। हमले में शामिल लोगों की संपत्तियां भी जब्त की जाएंगी और उन्हें नीलाम किया जाएगा। मुख्यमंत्री के अनुसार, राज्य में कानून का शासन स्थापित करना सरकार की प्राथमिकता है और इस दिशा में किसी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को फलता में जहांगीर खान की रिहाई की मांग को लेकर स्थानीय लोगों के एक समूह ने प्रदर्शन किया था।

**सख्ती**

पुलिस, सरकारी कर्मचारियों और अर्धसैनिक बलों पर हमला करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा

प्रदर्शन का नेतृत्व जहांगीर खान की पत्नी कर रही थीं। इसी दौरान पुलिस और केंद्रीय बलों के साथ तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई थी। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि घटना के समय वह कार्शियांग में थे और उन्होंने टेलीविजन पर पूरा घटनाक्रम देखा। उन्होंने आरोप लगाया कि एक माफिया की पत्नी के नेतृत्व में कुछ लोगों ने पुलिस और अर्धसैनिक बलों पर हमला करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि फलता में भी कानून का शासन स्थापित किया गया है और चाहे कोई कितना भी बड़ा माफिया क्यों न हो, भाजपा सरकार उसे सबक सिखाकर रहेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में किसी भी प्रकार की गुंडागर्दी, जमीन कब्जा और भीड़ के जरिए न्याय करने की प्रवृत्ति को स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति कानून को अपने हाथ में न ले, क्योंकि सरकार कानून तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी और किसी दोषी को नहीं छोड़ेगी।

# उपमुख्यमंत्री ने प्रताप जयंती पर अर्पित की पुष्पांजलि, वीरता और स्वाभिमान के आदर्शों को किया नमन

टीम एक्शन इंडिया

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती के पावन अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान उन्होंने महाराणा प्रताप के अदम्य साहस, अटूट स्वाभिमान और मातृभूमि के प्रति उनके समर्पण को स्मरण करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप भारतीय इतिहास के ऐसे महानायक हैं, जिनका जीवन संघर्ष, त्याग और राष्ट्रभक्ति का अनुपम उदाहरण



है। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने स्वाभिमान और स्वतंत्रता से कभी समझौता नहीं किया तथा मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन हमें राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए सत्य, सम्मान और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

# केंद्र और राज्य का डबल इंजन सहयोग बिहार को चौतरफा विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा: सम्राट

टीम एक्शन इंडिया

**पटनाः** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण सह ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में राज्य के कृषि एवं ग्रामीण क्षेत्र से जुड़े हुये विभिन्न विषयों पर उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य का डबल इंजन सहयोग बिहार को चौतरफा विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा-मुख्यमंत्री बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा बिहार के विकास के लिए बैकलॉग राशि जारी की गई है। इस सहयोग के लिए केंद्र सरकार के प्रति विशेष आभार व्यक्त करता हूं। मनरेगा बकाए के भुगतान का निर्णय ग्रामीण श्रमिकों के हित को सर्वोपरि रखते हुए लिया गया है। मनरेगा की सभी लंबित राशि का भुगतान केंद्र सरकार के सहयोग से 30 जून से पहले करने पर सहमति बनी है। राज्य में ग्रामीण विकास को नई दिशा देने वाली महत्वाकांक्षी वीबी जी राम जी योजना आगामी 1 जुलाई से पूरी तरह लागू कर दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, 2.0 के तहत हमलोगों ने बिहार में 01 करोड़ 4 लाख लोगों को चिन्हित किया, जिसमें 60 लाख लोग योग्य पाये गये है। हमारा आग्रह है



कि 60 लाख गरीब परिवारों को जल्द से जल्द पक्का घर मिल जाय। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत राज्य में आवास निर्माण की प्रक्रिया तेज की जाएगी, जिसके अंतर्गत नए वित्तीय वर्ष में पहला मकान बिहार को मिलना तय हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार की आजीविका योजना के तहत जीविका दीदी को मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि क्षेत्र में आदर्श केन्द्र की स्थापना किये जाने की जरूरत है, जिसमें बक्सर एवं लखीसराय में टमाटर तथा प्याज के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना का आग्रह करता हूं। कृषि क्षेत्र में नवाचार और उत्पादकता बढ़ाने के लिए राज्य में विशेष रूप से प्याज, टमाटर, आम आदि कृषि उत्पाद लिए 'आदर्श केंद्रों' की स्थापना की जाएगी। बागवानी क्षेत्र तथा गेहूं एवं धान के उत्पादन को आगे बढ़ाने के लिए काम किया जा रहा है। बिहार के किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य दिलाने के लिए राज्य के फलों को अंतर्राष्ट्रीय बाजारों से जोड़ा जाएगा। बिहार में बागवानी की अपार संभावनाएं हैं। वैश्विक स्तर पर मखाना की बढ़ती मांग को देखते हुए मखाना बोर्ड के निर्माण की प्रक्रिया जल्द पूरी हो, इसमें आपके सहयोग की आवश्कता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार कृषि रोड मैप को अपनाने वाला देश का पहला राज्य रहा है। इसी गौरव को आगे बढ़ाते हुए अब एकीकृत खेती पर विशेष जोर दिया जाएगा और बिहार को इसके लिए एक मॉडल राज्य के रूप में विकसित किया जाएगा। पर्यावरण संतुलन और कृषि भूमि की उर्वरता बनाए रखने के लिए विभिन्न वॉटरशेड परियोजनाओं और मिट्टी संरक्षण कार्यक्रमों को तेजी से धरातल पर उतारा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार सुशासन और सबका साथ, सबका विकास के संकल्प के साथ काम कर रही है।

# भारत का इतिहास गुलामी का नहीं, बल्कि आक्रांताओं के विरुद्ध सतत संघर्ष का रहा है: संघ

टीम एक्शन इंडिया

**उदयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि भारत का इतिहास गुलामी का नहीं, बल्कि आक्रांताओं के विरुद्ध सतत संघर्ष का रहा है। हल्दीघाटी का युद्ध केवल महाराणा प्रताप या उनकी सेना का युद्ध नहीं था, बल्कि पूरे समाज के सामूहिक प्रतिरोध का प्रतीक था। उन्होंने कहा कि उपलब्ध ऐतिहासिक तथ्यों और स्वयं मुगल इतिहासकारों के विवरणों से स्पष्ट होता है कि हल्दीघाटी में विजय महाराणा प्रताप की ही हुई थी। भागवत बुधवार को उदयपुर के गांधी मैदान में महाराणा प्रताप की



486वीं जयंती तथा हल्दीघाटी विजय के 450 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित ह्यराष्ट्र चेतना संकल्प सभाह्न को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आज देशभर में महाराणा प्रताप की जयंती श्रद्धा और गौरव के साथ मनाई जाती है। यह इस बात का प्रमाण है कि राष्ट्र अपने उन महापुरुषों को स्मरण करता है।

# सीएम ने केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों में नि:शुल्क बिजली रॉयल्टी में वृद्धि का आग्रह किया

**आग्रह**

» नि:शुल्क बिजली की हिस्सेदारी को बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने का किया आग्रह



**पंकज शर्मा**

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने गत सायं नई दिल्ली में केंद्रीय ऊर्जा और आवास एवं शहरी मामलों मंत्री मनोहर लाल खट्टर से भेंट की। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों में प्रारंभिक 12 वर्षों की अवधि पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं में सामान्य 12 प्रतिशत मुफ्त बिजली रॉयल्टी के अतिरिक्त नि:शुल्क बिजली रॉयल्टी की हिस्सेदारी बढ़ाने का अनुरोध किया। उन्होंने केन्द्र सरकार से 180 मेगावाट की बैरा-स्यूल जलविद्युत परियोजना के संचालन के 44 वर्ष पूर्ण होने के परिणामस्वरूप इस परियोजना में नि:शुल्क बिजली की हिस्सेदारी को बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री ने भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) परियोजनाओं में राज्य को देय ऊर्जा बकाया के भुगतान में हो रहे विलम्ब का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के निर्माण के दौरान प्रदेश के लोगों ने कठिनाइयों का सामना किया और हजारों लोगों ने विस्थापन का दंश झेला। राज्य को प्रतिकूल पर्यावरणीय प्रभावों का सामना करना पड़ा और पौंग बांध से विस्थापित लोगों का पुनर्वास आज भी पूरी तरह नहीं हो सका है।

श्री सुक्खू ने आग्रह किया कि हरियाणा और पंजाब दोनों राज्य अपनी सहमति प्रदान कर 31 अक्तूबर, 2011 तक के 13,066 मिलियन यूनिट ऊर्जा बकाया तथा उसके बाद 6 प्रतिशत ब्याज सहित राज्य को प्रदान करें। यदि ऊर्जा बकाया का भुगतान धनराशि के रूप में किया जाता है, तो इस स्थिति में 6 प्रतिशत चक्रवृद्धि ब्याज की दर से अब तक की गणना के अनुसार इसकी अनुमानित धन राशि 7,784 करोड़ रुपये बनती है।

मुख्यमंत्री ने शानन जलविद्युत परियोजना की पृष्ठभूमि के बारे में भी अवगत करवाया और इस परियोजना पर राज्य के वैध अधिकार का पक्ष रखा।

मुख्यमंत्री ने कांगड़ा में प्रस्तावित 'एयरो सिटी' और 'हिम चंडीगढ़' के विकास के लिए भी केंद्रीय मंत्री से वित्तीय सहायता प्रदान करने का आग्रह किया।



**स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन को धनराशि की दरकार**

इन परियोजनाओं का उद्देश्य राज्य में सुनियोजित शहरीकरण, आर्थिक विकास, पर्यटन तथा निवेश को बढ़ावा देना है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को अवगत करवाया कि राज्य सरकार द्वारा 24 शहरी स्थानीय निकायों में 'अर्बन चैलेंज फंड' के तहत 1,179 करोड़ रुपये की परियोजनाएं प्रस्तावित की जा रही है। इनमें से 660 करोड़ रुपये की परियोजनाएं प्रथम चरण में भारत सरकार को भेजी जा चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने 'क्लीन हिली एंड हिमालयन सिटीज़ इनिशिएटिव' के अंतर्गत स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन संबंधी कार्यों के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए 12.33 करोड़ रुपये जारी करने का भी अनुरोध किया।

# चम्बा में भीषण सड़क हादसा : अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिरी कार, दो लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत

**हादसा**

» कार ऊपरी सड़क से हवा में उछलते हुए गहरी खाई में जा गिरी



**हामिद खान**

**चंबा।** हिमाचल प्रदेश के जिला चम्बा से एक बेहद दुखद और हृदयविदारक खबर सामने आई है। बुधवार को नेशनल हाईवे-154ए पर बनीखेत-चम्बा मार्ग स्थित डैम व्यू प्वाइंट के पास एक कार के दुर्घटनाग्रस्त होने से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना खौफनाक था कि कार ऊपरी सड़क से हवा में उछलते हुए गहरी खाई में जा गिरी और नीचे चोहड़ा डैम मार्ग पर जाकर दूसरी सड़क में पहुंच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, कार पर से चालक अचानक नियंत्रण खो बैठा। अनियंत्रित होते ही वाहन रेलिंग को तोड़ता हुआ सीधे सैकड़ों फीट गहरी खाई में समा गया। टक्कर और गिरने की रफ्तार इतनी तेज थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए और गाड़ी पूरी तरह से मलबे के ढेर में तब्दील हो गई। घटना की आवाज सुनते ही आसपास के स्थानीय लोग तुरंत मदद के लिए दौड़े। मामले की सूचना फौरन पुलिस और स्थानीय प्रशासन को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम और प्रशासनिक अधिकारी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे।

खाई की गहराई और कठिन भौगोलिक स्थिति के बावजूद, रेस्क्यू टीम ने स्थानीय युवाओं की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद दोनों मृतकों के शवों को क्षतिग्रस्त गाड़ी से बाहर निकाला। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल भेज दिया गया है।

# न इंटरनेट, न एटीएम - डाक विभाग बना संकटमोचक, श्रद्धालु तक पहुंचाई नकदी

**हामिद खान**

**चंबा।** आधुनिक सुविधाओं के दौर में जहां इंटरनेट और एटीएम पर लोगों की निर्भरता बढ़ गई है, वहीं चंबा के दुर्गम क्षेत्र भरमौर में डाक विभाग ने अपनी तत्परता और जनसेवा की मिसाल पेश करते हुए एक श्रद्धालु की बड़ी परेशानी का समाधान किया। जानकारी के अनुसार, गुवाहाटी से अपनी बुजुर्ग मां और पत्नी के साथ पवित्र मणिमहेश यात्रा पर निकला एक श्रद्धालु भरमौर मुख्यालय से आगे धनछो पहुंचा। यहां पहुंचने पर उसे पता चला कि उसके पास मौजूद नकदी लगभग समाप्त हो चुकी है। क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट सेवाएं प्रभावित होने के कारण वह ऑनलाइन लेन-देन या एटीएम की सुविधा का भी लाभ नहीं उठा सका। परेशानी बढ़ने पर श्रद्धालु ने शिमला स्थित डाक निदेशालय को




शिकायत भेजी। शिकायत मिलते ही विभाग हरकत में आया और मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला डाक अधीक्षक कार्यालय चंबा के माध्यम से तुरंत कार्रवाई शुरू की गई।

जिला डाक प्रशासन ने श्रद्धालु का लोकेशन ट्रेस कर मोबाइल बैंकिंग के जरिए उसके खाते में 3,000 रुपये की राशि उपलब्ध करवाई। इसके बाद संबंधित डाकपाल खान मोहम्मद करीब 20 किलोमीटर का सफर तय कर धनछो पहुंचे और श्रद्धालु को आवश्यक नकदी उपलब्ध करवाई।

डाक विभाग की इस त्वरित कार्रवाई से श्रद्धालु की समस्या का समाधान हो गया और वह अपनी यात्रा बिना किसी बाधा के जारी रख सका। विभाग की इस पहल की क्षेत्र में सराहना हो रही है।

जिला डाक अधीक्षक राजीव गुरूंग ने बताया कि शिकायत प्राप्त होने के बाद तुरंत कार्रवाई की गई। जांच में पता चला कि श्रद्धालु धनछो क्षेत्र में फंसा हुआ था।

इसके बाद मोबाइल संपर्क स्थापित कर पहले राशि ट्रांसफर की गई और फिर मौके पर नकदी पहुंचाकर उसकी सहायता सुनिश्चित की गई। दुर्गम क्षेत्रों में भी डाक विभाग की यह तत्परता एक बार फिर साबित करती है कि जरूरत के समय डाक सेवाएं आज भी आम लोगों के लिए भरोसे का मजबूत माध्यम बनी हुई हैं।

# जेबीटी टैट में आउट ऑफ सिलेबस सवालों पर बवाल, 10 ग्रेस अंकों की उठी मांग

**पवन धीमान**

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा 14 जून को आयोजित एचपी जेबीटी टैट-2026 परीक्षा का गणित प्रश्नपत्र विवादों के घेरे में आ गया है। प्रश्नपत्र में कथित तौर पर आउट ऑफ सिलेबस प्रश्न पूछे जाने को लेकर अभ्यर्थियों और शिक्षकों में नाराजगी बढ़ रही है। मामले ने शिक्षा विभाग की परीक्षा प्रणाली और प्रश्नपत्र निर्माण प्रक्रिया पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि पात्रता परीक्षाओं में सिलेबस से बाहर प्रश्न पूछे जाने के आरोप पहले भी सामने आते रहे हैं, लेकिन यदि अभ्यर्थियों के दावे सही साबित होते हैं तो यह केवल एक तकनीकी त्रुटि नहीं बल्कि प्रश्नपत्र निर्माण और मॉडरेशन प्रक्रिया की गंभीर खामी मानी जाएगी। खण्ड प्राथमिक शिक्षक संघ गलोड़ के प्रधान शशि



भूषण ने आरोप लगाया है कि गणित विषय के प्रश्नपत्र में करीब दस ऐसे प्रश्न शामिल किए गए, जो निर्धारित पाठ्यक्रम का हिस्सा नहीं थे। उन्होंने कहा कि पात्रता परीक्षा का उद्देश्य अभ्यर्थियों की योग्यता का मूल्यांकन निर्धारित सिलेबस के आधार पर करना होता है, लेकिन परीक्षा में कुछ ऐसे प्रश्न पूछे गए जो उच्च स्तरीय गणित से संबंधित थे और अधिकांश अभ्यर्थियों ने अपने शैक्षणिक जीवन में उनका अध्ययन नहीं किया है। उन्होंने कहा कि इस स्थिति ने परीक्षा की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। विशेष चिंता का विषय उन हजारों इन-सर्विस जेबीटी शिक्षकों का है, जिन्हें सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार अपनी सेवाएं सुरक्षित रखने के लिए टैट उत्तीर्ण करना अनिवार्य है।

ऐसे में सिलेबस से बाहर प्रश्न पूछे जाने से उनके भविष्य को लेकर भी असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। शशि भूषण ने स्कूल शिक्षा बोर्ड और प्रदेश सरकार से मांग की है कि विवादित प्रश्नों के लिए कम से कम 10 ग्रेस अंक दिए जाएं, ताकि प्रभावित अभ्यर्थियों के साथ न्याय हो सके। साथ ही उन्होंने भविष्य में प्रश्नपत्र निर्माण प्रक्रिया की समीक्षा कर यह सुनिश्चित करने की मांग की कि पात्रता परीक्षाओं में केवल निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुरूप ही प्रश्न पूछे जाएं।

## संक्षिप्त खबरें

### कांग्रेस को सही सलाह देने वाला लगता है दुश्मन : राणा

**राजन पुरी**

**ऊना।** भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने बुधवार को ऊना में पत्रकार वार्ता करते हुए प्रदेश की कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री पर तीखा हमला बोला है। राणा ने सरकार की कार्यप्रणाली, बढ़ते कर्ज, कथित भ्रष्टाचार और संगठन के भीतर उभर रहे असंतोष को लेकर कई गंभीर सवाल उठाए। राणा ने कहा कि कांग्रेस की स्थिति इतनी कमजोर हो चुकी है कि जो व्यक्ति सरकार को सही सलाह देता है या जनता से किए गए वादों को पूरा करने की बात करता है, वह मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेतृत्व को अपना विरोधी दिखाई देने लगता है। राणा ने कहा कि जो लोग सत्ता के गलियारों में रहकर गलत कार्यों और निजी स्वार्थों के रास्ते सुझाते हैं, वही सरकार के सबसे प्रिय बन जाते हैं। उन्होंने दावा किया कि यह बातें भाजपा नहीं बल्कि लंबे समय तक कांग्रेस से जुड़े रहे लोग स्वयं कह रहे हैं। उन्होंने हाल ही में कांग्रेस नेता नीरज भारती द्वारा दिए गए बयानों का उगेख करते हुए कहा कि उन्होंने जो मुद्दे उठाए हैं, उन्हें प्रदेश की जनता गंभीरता से ले रही है। राणा ने कहा कि लगभग दो वर्ष पहले जब उन्होंने जनता की समस्याओं और आवाज को सरकार तक पहुंचाने का प्रयास किया था, तब उन्हें भी सरकार की नाराजगी का सामना करना पड़ा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के भीतर भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के खिलाफ बोलने वालों को दबाने का प्रयास किया जाता है। प्रदेश की आर्थिक स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए राजेंद्र राणा ने कहा कि वर्तमान सरकार ने कर्ज लेने के मामले में नया रिकॉर्ड कायम किया है।

### बट्ट आईटीआई में रोजगार मेले आयोजन

**हामिद खान**

**चंबा।** बट्ट आईटीआई बोंखरी मोड़ में एलायंस जॉब्स के द्वारा 19 जून को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। बट्ट ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूटस के चेयरमैन परवेज अली बट्ट ने उक्त आशय की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एलायंस जॉब्स पंजाब, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़ और हरियाणा की प्रतिष्ठित विनिर्माण एवं औद्योगिक कंपनियों के साथ मिलकर युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि रोजगार मेले का उद्देश्य विद्यार्थियों को बेहतर करियर विकल्प, कौशल विकास, औद्योगिक अनुभव तथा आर्थिक स्थिरता प्रदान करना है।

बट्ट ने बताया कि कंपनी के द्वारा मशीन ऑपरेटर, असेंबली ऑपरेटर, इलेक्ट्रिकल तकनीशियन, फिटर, वेल्डर, टर्नर, मशीनिस्ट, मोटर मैकेनिक व्हीकल (एमएमवी), डीजल मैकेनिक, ट्रैक्टर मैकेनिक, वायरमैन, स्टिचिंग ऑपरेटर, पीसीबी ऑपरेटर, एसएमटी ऑपरेटर, प्रोडक्शन एसोसिएट, सीएनसी ऑपरेटर, हेल्पर तथा क्वालिटी इंस्पेक्टर आदि पदों के लिए साक्षात्कार लिए जाएँगे। उन्होंने बताया कि उक्त पदों हेतु शैक्षणिक योग्यता आठवीं, दसवीं, बारहवीं, आईटीआई, डिप्लोमा धारक तथा बीटेक उत्तीर्ण है। कंपनी के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति मोहाली, बद्दी, परवाणू और फगवाड़ा स्थित औद्योगिक इकाइयों में की जा सकती है।

# मेडिकल कॉलेज विवाद गहराया, श्रम अधिकारी ने प्राचार्य और ठेकेदार को जारी किया नोटिस

**हामिद खान**

**चंबा।** पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल चम्बा में यूनियन और प्रबंधन के बीच चल रहा विवाद अब और गंभीर हो गया है। मेडिकल कॉलेज हेल्थ एंड सेनिटेशन वर्कर्स यूनियन (सीटू) द्वारा उठाए गए औद्योगिक विवाद के मामले में जिला श्रम अधिकारी ने कड़ा रुख अपनाया है। श्रम अधिकारी ने इस संबंध में मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य और ग्लोबल सेनिटेशन सर्विस के प्रबंधक को औपचारिक नोटिस जारी कर दिया है।

औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 के तहत जारी इस नोटिस में दोनों पक्षों को आगामी 24 जून को दोपहर 12:30 बजे व्यक्तिगत रूप से अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होने के कड़े निर्देश दिए गए हैं।

जानकारी के अनुसार यूनियन की ओर से प्रस्तुत मांग-पत्र में बेहद गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शिकायत के अनुसार अस्पताल परिसर में कार्यरत यूनियन सदस्यों को कुछ बाहरी व्यक्तियों और अन्य ठेकेदारों द्वारा डराया-धमकाया जा रहा है।? कर्मचारियों को मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। यूनियन ने अपने सदस्यों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और इस कथित उत्पीड़न पर तत्काल रोक लगाने की पुरजोर मांग की है।

जिला श्रम अधिकारी (सह समझौता अधिकारी) अनुराग शर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि यूनियन की शिकायत और मांग-पत्र के आधार पर मुख्य नियोक्ता के रूप में मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य और संबंधित ठेकेदार को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं।

# आवारा कुत्तों की बढ़ती समस्या पर प्रशासन तुरंत करे प्रभावी कार्रवाई : सत्ती

**राजन पुरी**

**ऊना।** शहर में आवारा कुत्तों के लगातार बढ़ते आतंक और लोगों पर हो रहे हमलों को लेकर स्थानीय विधायक एवं भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतपाल सिंह सत्ती ने गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने चंद्रलोक कॉलोनी में एक महिला पर आवारा कुत्तों के हमले की घटना पर दुख जताते हुए कहा कि यह बेहद गंभीर और चिंताजनक स्थिति है, जिसे प्रशासन हल्के में नहीं ले सकता।

सत्ती ने कहा कि अभी कुछ दिन पहले ही एक छह वर्षीय मासूम बच्ची पर आवारा कुत्तों ने हमला कर उसे घायल कर दिया था। उस घटना को लेकर लोगों में रोष व्याप्त था और अब एक महिला के घायल होने का मामला सामने आने से स्पष्ट हो गया है कि शहर में आवारा कुत्तों की समस्या लगातार विकराल होती जा रही है। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में और भी गंभीर घटनाएं सामने आ सकती हैं। विधायक ने कहा कि शहर में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या को नियंत्रित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाना चाहिए। साथ ही इनके नसबंदी और पुनर्वास की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों की सुरक्षा को खतरा न रहे। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने के लिए तत्काल ठोस और परिणामकारी कदम उठाए जाएं। सत्ती ने कहा कि जनता की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और किसी भी नागरिक को अपने ही शहर में भय के माहौल में जीवन व्यतीत करने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए।

# बहडाला में एसटीएफ की बड़ी कार्रवाई, 25 किलो चूरा पोस्त सहित दो गिरफ्तार

**राजन पुरी**

**ऊना।** नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जिला ऊना में स्पेशल टास्क फोर्स ने बड़ी सफलता हासिल की है। एसटीएफ नॉर्दर्न रेंज की टीम ने बहडाला क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए 25 किलो से अधिक चूरा पोस्त बरामद किया है। नशीला पदार्थ रखने के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि मौके से एक वाहन में रखी करीब 60 हजार रुपये की नकदी भी बरामद की गई है। बरामदगी के बाद दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी गई है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार एसटीएफ नॉर्दर्न रेंज ऊना की टीम बुधवार सुबह बहडाला के बनगढ़-भटोली रोड पर गश्त और निगरानी ड्यूटी पर तैनात थी। इसी दौरान टीम ने संदेह के आधार पर एक कार को



जांच के लिए रोका। तलाशी लेने पर वाहन के भीतर छिपाकर रखा गया 25 किलो से अधिक चूरा पोस्त बरामद हुआ। नशीले पदार्थ की इतनी बड़ी खेप मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस जांच में गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अरुण निवासी बहड़ाला तथा रजत निवासी किरतपुर, पंजाब के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि रजत नशीले पदार्थ की खेप लेने के लिए बहडाला पहुंचा था, जबकि अरुण इसे बेचने के उद्देश्य से वहां मौजूद था। एसटीएफ टीम ने दोनों को मौके पर ही दबोच लिया और उनके कब्जे से बरामद सामग्री को अपने कब्जे में ले लिया। कार्रवाई के दौरान एसटीएफ ने एक वाहन से चूरा पोस्त बरामद किया, जबकि दूसरे वाहन से करीब 60 हजार रुपये की नकदी भी बरामद की गई। पुलिस इस नकदी के स्रोत और नशा तस्करी से इसके संभावित संबंधों की भी जांच कर रही है। एसपी ऊना सचिन हिरेमठ ने बताया कि फिलहाल एसटीएफ द्वारा मामले में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

## प्राकृतिक खेती और हल्दी उत्पादन को बढ़ावा देने पर जोर

**राजन पुरी**

**ऊना।** ब्लॉक किसान सलाहकार समिति गगरेट की बैठक मंगलवार को बीडीओ कार्यालय गगरेट में समिति अध्यक्ष अजय ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में वर्ष 2026-27 के लिए कृषि एवं संबद्ध योजनाओं पर चर्चा करते हुए किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने और हल्दी उत्पादन को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में आत्मा परियोजना की उप परियोजना निदेशक डॉ. शामली गुप्ता और डॉ. तनुजा सहित कृषि एवं पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। अधिकारियों ने किसानों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने तथा हल्दी की खेती के विस्तार के लिए रणनीति पर चर्चा की। बैठक में गेहूं, मक्की और हल्दी के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की जानकारी भी साझा की गई।

# पार्टी और परिवार से निष्कासित व्यक्ति अपनी हैसियत देखकर करें बयानबाजी : भाजपा

**पवन धीमान**

**हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर और जिला महामंत्री अजय शर्मा रिन्टू ने कांग्रेस पार्टी और परिवार से दरकिनार किए गए एक स्वयंभू कॉंग्रेस प्रवक्ता द्वारा भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ की जा रही लगातार बयानबाजी पर कड़ा प्रतिवाद करते हुए कहा है कि ऐसे लोगों को अपनी हैसियत और राजनीतिक स्थिति का आकलन करने के बाद ही सार्वजनिक टिप्पणियां करनी चाहिए।

भाजपा पदाधिकारियों ने कहा कि संबंधित व्यक्ति आए दिन सोशल मीडिया और विभिन्न माध्यमों में सुर्खियां बटोरने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा तथा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के विरुद्ध अनर्गल और आधारहीन टिप्पणियां कर रहा है।




जबकि वास्तविकता यह है कि वह न तो कांग्रेस का अधिकृत प्रवक्ता है और न ही वर्तमान में पार्टी का सक्रिय सदस्य।

भाजपा नेताओं ने कहा कि जिस व्यक्ति को उसकी अपनी पार्टी ने दरकिनार कर दिया हो, उसे दूसरों पर नैतिकता का पाठ पढ़ाने से पहले स्वयं के आचरण का आत्ममंथन करना चाहिए।

आरोप है कि उक्त स्वयंभू कॉंग्रेस प्रवक्ता का सार्वजनिक जीवन लगातार विवादों और गंभीर आरोपों से घिरा रहा है तथा उसके विरुद्ध विभिन्न स्तरों पर प्रश्न उठते रहे हैं।

भाजपा ने कहा कि दूसरों पर आरोप लगाने से पहले उस व्यक्ति को जनता के समक्ष यह स्पष्ट करना चाहिए कि उसके विरुद्ध विभिन्न न्यायालयों में कौन-कौन से मामले लंबित हैं, उसके निजी एवं सार्वजनिक जीवन को लेकर उठे विवादों की वास्तविकता क्या है तथा उसकी आय और गतिविधियों का आधार क्या है।

# पंचायती राज चुनाव में जीते प्रतिनिधियों को खरीदने का काम कर रही सरकार : सत्ती

**राजन पुरी**

**ऊना।** भाजपा ने आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर अपनी संगठनात्मक गतिविधियों को तेज करना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में बुधवार को जिला मुख्यालय ऊना स्थित भाजपा कार्यालय दीप कमल में जिला कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी की भावी रणनीतियों, संगठन विस्तार तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम मिन्हास ने की, जबकि भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं ऊना सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सतपाल सिंह सत्ती मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में जिला कार्यकारिणी के सदस्यों के अलावा विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष, महामंत्री, मोर्चों एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों ने भाग लिया।



सत्ती ने कहा कि भाजपा द्वारा आगामी कार्यक्रमों और गतिविधियों को प्रभावी ढंग से धरातल पर लागू करने के उद्देश्य से यह बैठक आयोजित की गई है। उन्होंने बताया कि जिला स्तर की बैठक के बाद अब मंडल स्तर पर भी बैठकों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। सत्ती ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में लगभग एक वर्ष बाद विधानसभा चुनाव होने हैं और भारतीय जनता पार्टी ने अभी से जमीनी स्तर पर अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। पार्टी बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने तथा जनता के बीच अपनी नीतियों और उपलब्धियों को पहुंचाने का कार्य कर रही है। उन्होंने हाल ही में संपन्न हुए नगर निकायों और पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों का उगेख करते हुए दावा किया कि इन चुनावों में भारतीय जनता पार्टी समर्थित उम्मीदवारों को व्यापक जनसमर्थन मिला है।